राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

क्या ऋषभ शेट्टी के साथ ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 21 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 150 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

दुनियाभर में छाए प्रधानमंत्री मोदी

लोकप्रियता के मामले में इन दिग्गजों को पछाड़ा

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बार फिर बजा दुनियाभर में डंका। ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग के सर्वे के अनुसार पीएम मोदी दुनियाभर के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गये। रेटिंग फर्म द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार प्रधानमंत्री कुछ एक नहीं बल्कि 78 फीसदी लोगों की पहली पसंद बने हैं। दुनियाभर के दिग्गज नेताओं को पीछे छोड़ते हुए पीएम मोदी दुनियाभर में इस लिस्ट में टॉप पर हैं।

यह सर्वे अमेरिका की कंसल्टिंग फर्म श्मॉर्निंग कंसल्टश ने किया है और जारी रेटिंग 22–28 मार्च, 2023 के दौरान एकत्र किए गए डेटा पर आधारित है। फर्म के अनुसार करीब 76 फीसदी लोगों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं। फर्म का यह कहना है कि सिर्फ अमेरिका में इसके लिए 45,000 लोगों से बात की गई और वहीं

इस रेटिंग सर्वे के लिए दुनियाभर में औसतन 500–5000 लोगों के बीच सर्वेक्षण कराया गया था, जिसके बाद ही इस सर्वेक्षण के आधार पर यह लोकप्रियता रेटिंग निकाली गई। इस सभी सर्वेक्षणों में सिर्फ वयस्क्क लोगों को ही जोड़ा गया और इसे ऑनलाइन तरीके से कराया गया। साथ ही भारत में इस सर्वेक्षण के लिए खासतौर पर शिक्षित लोगों शामिल किया गया। सर्वे कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार लोकप्रियता रेटिंग में 100 फीसदी लोगों में से 78 फीसदी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी पहली पसंद माना है, वहीं 17 फीसदी लोगों ने उनके नाम को नामंजूर किया है और 4 फीसदी लोगों ने उनके बारे में कोई राय नहीं दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद दूसरे स्थान पर मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर हैं जिन्हें 61 प्रतिशत रेटिंग मिली है। ऑस्ट्रेलिया के च्ड एंथनी अल्बनीज 55 फीसदी रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर रहे और साथ ही चौथे स्थान पर 49 फीसदी की अप्रूवल रेटिंग के साथ इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और पांचवे स्थान पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने अपनी जगह बनाई। इस ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन छठे स्थान पर और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सातवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही लोकप्रियता के मामले में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दसवें नंबर पर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ग्यारहवें स्थान पर रहे हैं।

जनता के गाल पर तमाचा, केजरीवाल ने अध्यादेश को बताया एससी का अपमान

कहा– दिल्ली में महारैली का करेंगे आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण बनाने के लिए केंद्र के अध्यादेश पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता के बीच जाऊंगा और दिल्ली में महारैली का आयोजन करेंगे। जिस तरह से जनता

की प्रतिक्रिया आ रही है उससे लग रहा है कि इस बार भाजपा को लोकसभा चुनाव में दिल्ली से एक भी सीट नहीं मिलेगी। मैं विपक्षी दलों से अपील करना चाहता हूं कि राज्यसभा में जब यह बिल आएगा तो उसे पारित न होने दें। मैं हर पार्टी के नेताओं से मिलुंगा और उनसे समर्थन मांगूंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस अध्यादेश को लाकर ऐसा लगता है कि जनता और देश के साथ एक भद्दा मजाक किया गया है। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट को सीधी चुनौती दे रही है कि आप कुछ भी आदेश दें हम उस पर अध्यादेश लाकर पलट देंगे। यह चुनौती है कि अगर भाजपा के अलावा किसी और पार्टी को चुनोगे तो हम उसे काम नहीं करने देंगे। बता दें कि दिल्ली में आला अफसरों के ट्रांसफर– पोस्टिंग अब दिल्ली सरकार नहीं कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र ने देर रात जारी अध्यादेश के जरिए अफसरों की ट्रांसफर–पोस्टिंग के लिए सिविल सर्विस अथॉरिटी बनाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी। दिल्ली के सीएम अथॉरिटी के चेयरमैन होंगे।

रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार, पीएम मोदी से मिले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की

जापान। हिरोशिमा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की के बीच मुलाकात हुई है। रूस यूक्रेन युद्ध के बीच दोनों नेताओं की ये पहली मुलाकात है। मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं। इस मुलाकात के मायने भी अपने आप में बेहद खास हैं क्योंकि यूक्रेन लगातार भारत से युद्ध में हस्तक्षेप और रूस पर दवाब बनाने की गुहार लगाता रहा है। वहीं भारत की तरफ से भी हर बार मध्यस्थता किए जाने की बात सामने आई है। इससे पहले आज प्रधान मंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और वियतनामी प्रधान मंत्री फाम मिन्ह चिन्ह के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। भारत और यूक्रेन के वरिष्ठ राजनयिकों के बीच विचार–विमर्श की एक श्रृंखला के बाद मोदी और जेलेंस्की के बीच बैठक निर्धारित

की गई थी। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद पीएम मोदी और जेलेंस्की के बीच यह पहली आमने–सामने की बैठक थी। गौरतलब है कि पिछले साल, भारतीय पीएम मोदी ने समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। चल रहे संघर्ष के समाधान पर जोर देते हुए पीएम ने उनसे कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। जिसकी सभी देशों ने सराहना की थी। जापान में पीएम मोदी का क्रेज देखने को मिल रहा है। नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कुछ विशिष्ठ जापानी लोगों से मुलाकात की और कहा कि इस तरह की बातचीत से दोनों देशों के बीच आपसी समझ, सम्मान और मजबूत संबंध बनाने में मदद मिलेगी। कई लोग पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। इससे पहले उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। जी7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान पहुंचे मोदी ने हिरोशिमा में गांधी की 42 इंच की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि दुनिया आज भी शहिरोशिमाश शब्द सुनकर भयभीत हो जाती है।

कर्नाटक ने बीजेपी की नफरत को हरा दिया

सिद्धारमैया के शपथ के बाद बोले राहुलः कांग्रेस झूठे वादे नहीं करती

बंगलुरु। कर्नाटक में आज सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा गया। इसमें कई विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह के बाद राहुल गांधी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस को जिताने के लिए जनता का धन्यवाद किया। साथ ही साथ उन्होंने भाजपा पर भी जबरदस्त तरीके से प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने बीजेपी की नफरत को हरा दिया और यहां के लोगों ने मोहब्बत की दुकान खोली है। राहुल ने

साफ तौर पर कहा कि हम झूठे वादे नहीं करते। हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव में जो 5 गारंटी दिए हैं, उसको हर हाल में लागू करेंगे। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम भ्रष्टाचार मुक्त शासन देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की जीत के बाद कई बातें लिखी गईं कि कांग्रेस कैसे यह चुनाव जीती, अलग–अलग विश्लेषण किए गए लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस इसलिए जीती क्योंकि हम गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के साथ खड़े थे। हमारे पास सच्चाई थी, गरीब लोग। बीजेपी के पास पैसा, पुलिस और सब कुछ था लेकिन कर्नाटक की जनता ने उनकी सारी शक्तियों को हरा दिया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि हमने आपसे 5 वादे किए थे। मैंने कहा था कि हम झूठे वादे नहीं करते। हम जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने कहा कि एक दो घंटे में कर्नाटक की नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होगी। उसमें हमारे जो पांच वादे हैं वे कानून बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम आपको स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देंगे। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के तौर पर सिद्धारमैया ने शपथ ले लिया है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया। दोनों नेताओं ने कन्नड़ भाषा में शपथ लिया। सिद्धारमैया के शपथ समारोह को कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है। इसमें विपक्षी दलों के कई बड़े नेता शामिल हुए।

सिद्धारमैया ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, डीके शिवकुमार बने डिप्टी सीएम, विपक्षी एकता की दिखी झलक

बंगलुरु। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री के तौर पर सिद्धारमैया ने शपथ ले ली है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं, डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया। दोनों नेताओं ने कन्नड़ भाषा में शपथ लिया। सिद्धारमैया के शपथ समारोह को कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है। इसमें विपक्षी दलों के कई बड़े नेता शामिल हुए।

दिल्ली के बुराड़ी इलाके में हेड कांस्टेबल और उसकी पत्नी को गोली मारी गई

नयी दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने दिल्ली पुलिस के 35 वर्षीय हेड कांस्टेबल और उसकी पत्नी को गोली मार दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार रात पौने 10 बजे के आसपास हुई, जब दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ में तैनात हेड कांस्टेबल अपनी पत्नी के साथ टहल रहा था। अधिकारी के मुताबिक, हमलावर कथित

तौर पर हेड कांस्टेबल का मोबाइल फोन और चार हजार रुपये नकदी छीनकर ले गए। उन्होंने बताया कि हमले में हेड कांस्टेबल के पेट में चोट आई, जबकि उसकी पत्नी की ठोड़ी चोटिल हो गई। हालांकि, दोनों अब खतरे से बाहर हैं। अधिकारी के अनुसार, हेड कांस्टेबल और उसकी पत्नी पर हमले के संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें में जुटी हुई है।

2024 में हम भाजपा मुक्त दिल्ली करेंगे, रंजीत रंजन बोलीं– अपनी उलटी गिनती शुरू करे भगवा पार्टी

कर्नाटक में मिली जीत से कांग्रेस में जबरदस्त उत्साह है। कर्नाटक में आज सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन में देखने को मिला। कई विपक्षी दलों के नेता भी

सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इन सबके बीच कांग्रेस ने अब 2024 चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने साफ तौर पर कहा है कि 2024 में हम भाजपा मुक्त दिल्ली करेंगे। अपने बयान में उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि पूरा विपक्ष साथ है और आज भी पूरा विपक्ष इस जीत को मनाने के लिए आया। हम 2024 में भी इनको (भाजपा) दिल्ली से मुक्त करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि यह लोग जीतने की बात करते हैं लेकिन मैं पूछती हूं कि भाजपा कितने प्रदेशों में हैं? गुजरात, उत्तर प्रदेश के अलावा उनकी कौन से प्रदेश में बहुमत की सरकार है? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जहां भी उनकी सरकार है वह पीठ में छुरा घोंप कर है। भाजपा अपनी उलटी गिनती शुरू करे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। आज मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के तौर पर सिद्धारमैया और डी. के. शिवकुमार सहित 8 मंत्रियों ने शपथ ली।

श्रम विद्या शैक्षिक ऋण योजना के जरिए किसानों के बच्चों को मिलेगा लोन, सीएम एकनाथ शिंदे ने दी जानकारी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र राज्य में स्थित सहकारी बैंकों ने आत्महत्या ग्रस्त किसानों के बच्चो के साथ–साथ आम लोगों के कल्याण और समृद्धी के लिए काम करने की अपील, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक आयोजित कार्यक्रम के दौरान की। मुंबई के फोर्ट में स्थित सहकारी बैंक सभागार में आयोजित श्रम विद्या शैक्षिक ऋण योजना के शुभारंभ कार्यक्रम पर एकनाथ शिंदे बोल रहे थे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. तानाजी सावंत, विधायक प्रवीन दरेकर, अनंत अडसुल, अभिजीत अड़सुल सहित राज्य सहकारी बैंक के प्रशासक विद्याधर अनास्कर, प्रबंध निदेशक दिलीप दिघे मौजूद थे। महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक ने परिवारों से लड़के और लड़कियों की स्नातक शिक्षा के लिए शून्य से 4 प्रतिशत ब्याज दर पर 15 लाख तक का शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए श्श्रम विद्या

शिक्षा ऋण योजनाश शुरू करने की जानकारी शिंदे ने दी। इस योजना को शुरुवात करने के लिए बैंक ने ऐसे परिवारों के बच्चों को बहुत बडा आधार देकर, आँसू पौछने का महत्वपूर्ण काम किया है। सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से उभरने के लिए मौजूदा योजना की धनराशि बढ़ाकर उनकी मदद की है। बेमौसम बारिश के कारण मुआवजे का भुगतान तुरंत किया जा रहा है। केंद्र सरकार की तरह राज्य ने भी किसानों को सालाना 6 हजार रुपये देने की योजना शुरू की है। ऐसी विभिन्न योजनाओं को लागू कर किसानों को आधार देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों की आत्महत्या को रोकने के लिए सरकार पूरी कोशिश कर रही है। ऋण अदायगी की अवधि 10 वर्ष है अर्थात अदायगी रोजगार के बाद होगी। पांच लाख तक के ऋण के लिए किसी जामीन की आवश्यकता नहीं होगी, न ही कोई वस्तु गिरवी रखी जाएगी। लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच के ऋण के लिए, वस्तु गिरवी रखने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन एक गारंटर की आवश्यकता होगी। 10 लाख से 15 लाख के बीच के ऋण के लिए वस्तु गिरवी रखने की और दो गारंटर की आवश्यकता होती है।

जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के तीनों तहसीलों में संपन्न हुआ।तहसील तुलसीपुर में जिलाधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें तथा सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे, शासन एवं जनपद स्तर पर निरंतर इसकी निगरानी की जा रही है। शिकायतकर्ता राजमती पत्नी द्वारिका निवासी शिवपुरा कल्यानपुर विकास खण्ड तुलसीपुर पीएम आवास की शिकायत तथा अवध राम पुत्र नैपाल ग्राम जनकपुर पैमाइस के सम्बन्ध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सम्बन्धित विभागध्यक्षों को सख्त निर्देश दिया कि गम्भीरता पूर्वक, पारदर्शिता के साथ जांचकर निष्पक्ष रिपोर्ट करें जिससे आने वाले फरियादियों को न्याय पूर्ण समाधान हो सके।

साथ ही कहा कि प्रार्थना पत्रों को संयम, जिम्मेदारी के साथ ससमय निस्तारण कराए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, अन्य मामलों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा।इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दूबे, तहसीलदार प्रमेश कुमार, सीएमओ डा0 सुशील कुमार, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक, डीपीआरओ, सीओ राघवेन्द्र सिंह, डीआईओएस गोविन्दराम, उप निदेशक कृषि डा0 प्रभाकर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र, ईओ तुलसीपुर, जिला पूर्ति अधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।तहसील उतरौला में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा, सीओ उदयराज सिंह व अन्य तहसील के अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।तहसील बलरामपुर संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 29 प्रार्थना पत्र दिये गये, जिसमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारी स्थलीय सत्यापन करते हुए तीन दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करेंगे।इस दौरान सीओ सदर, सीओ देहात, तहसीलदार रामाश्रय, नायब तहसीलदार, व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता परेशान मोबाइल से नहीं हो पा रही है बात

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। इस समय मनकापुर ब्लॉक के मोतीगंज क्षेत्र के लोग मोबाइल नेटवर्क की समस्या से काफी परेशान हैं। नहीं हो पा रही है कहीं बात वही नेटवर्क की समस्या से लोग नेट भी नहीं इस्तेमाल कर पा रहे हैं। बताते चलें कि लगभग 1 माह से मोतीगंज क्षेत्र वोडाफोन, जिओ सहित अन्य मोबाइल का नेटवर्क गायब रहता है जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। वहीं नेटवर्क की समस्या से डाकघर में बराबर कार्य नहीं हो पा रहा हैं। इस क्षेत्र के सभी मोबाइल नेटवर्क के उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लोग अधिक पैसे से रिचार्ज कराते हैं और बात भी नहीं हो पाती है। जो हम लोगों को नेट चलाने के लिए जीबी मिलता है वह भी हम लोग इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं। क्योंकि नेटवर्क समस्या की वजह से समस्या ही समस्या है। कुछ लोगों ने बताया कि मोबाइल के जरिए मोबाइल ऑपरेटर से शिकायत कई बार की गई। लेकिन यही कहा जाता है जल्द ही नेटवर्क की समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन आज तक नेटवर्क की समस्या जस की तस बनी हुई है।

ब्लेट तार से घायल छुटटा गोवंश का कराया इलाज,चारों ओर प्रसंशा हो रही

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। किसानों द्वारा फसल बचाने हेतु खेतों में ब्लेट तार से घेराव कर दिया गया है। जिससे हरा चारा देखकर छुट्टा गोवंश ब्लेट तार को नाघने की कोशिश करते रहते हैं।जिससे वह घायल हो जाते हैं। और तड़फ तड़फ कर कुछ दिनों में उनकी जान चली जाती हैं।जिस गांव के पास शव पड़ा होता है।उस एरिया में दुर्गंध से लोगों को रहना दुभर हो जाता हैं।लेकिन जिला प्रशासन उक्त मामले में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती हैं। जिससे लगातार लोग गोवंश को छुट्टा छोड़ रहे हैं।अवगत कराते चले की एक घायलावस्था में तड़प रहा एक गोवंश को रास्ते से निकल रहे,रविंद्र गोस्वामी जिला कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नंदनी नगर ने देखा तुरन्त वहीं से पशु चिकित्सा अधिकारी वजीरगंज के दूरभाष पर जानकारी दी।और कुछ समय में मेडिकल टीम मौके पर पहुंच गई। और घायल गोवंश का ईलाज किया। श्री गोस्वामी के इस नेक कार्य की लोग भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

संचार क्रांति के अग्रदूत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष ने की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा ।शुक्रवार को कांग्रेस भवन में जनपद के नवागत जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा 21 मई को पढ़ने वाली पुण्यतिथि को लेकर कांग्रेस भवन में बैठक की भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रांति के अग्रदूत स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि को लेकर तैयारी की बैठक की,और समस्त कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में आने का आवाहन किया,और अपने विचारों से राजीव जी के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की चर्चा की।आम जनता तक पुनःपहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि आज हमें नफरत की दुकान को खत्म कर मोहब्बत की दुकान खोलकर देश के तरक्की एवं आम जनों के जरूरतों की चीजों को महंगाई से निजात दिलाने के लिए संकल्पित होने एवं महंगाई को नियंत्रण में रखे जाने की लड़ाई लड़नी होगी। क्योंकि आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा हैं।खुशहाल जिंदगी को नहीं जीने में पस्त हो कर मजबूरी में जी रहा है।बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहकारिता प्रकोष्ठ के महामंत्री जटाशंकर सिंह,जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे,महामंत्री बाबा राम सिंगार भारती ब्लॉक अध्यक्ष मनकापुर,शिव बहादुर सिंह,दुर्गा प्रसाद मौर्या,अनिल कुमार दुबे,रमाशंकर सिंह,रहे।

रोटरी गर्वनर ने दिया पर्यावरण के साथ तालाबों के सौन्दर्यीकरण का सुझाव

रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर अध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने समीक्षा में दिया कार्यो की जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। शुक्रवार को रोटरी 3120 के गर्वनर अनिल अग्रवाल ने एक होटल में रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर की समीक्षा बैठक किया। क्लब अध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने रोटरी गर्वनर को क्लब द्वारा किये गये कार्यो की विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि रोटरी के संदेश से लोगों को जोड़ने के साथ ही हर स्तर पर सहयोग किया जा रहा है। डा. वर्मा ने बताया कि क्लब ने दो बच्चों को गोद लेकर उनके शिक्षा का पूरा जिम्मा लिया है। रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, पौधारोपण, जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण के साथ ही अनेक कार्यक्रम लगातार किये जा रहे हैं। रोटरी गर्वनर अनिल अग्रवाल ने क्लब के कार्यप्रणाली को सराहा तथा भविष्य में इससे बेहतर कार्य करने के लिए रोटेरियन्स को प्रेरणा दी। कहा कि रोटरी द्वारा निरन्तर जनहित के कार्य किये जा रहे हैं, अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोटरी का विस्तार हो रहा है जो शुभ संकेत है। कहा कि पौधरोपण और तालाबों के सौन्दर्यीकरण की दिशा में रोटरी को आगे आना चाहिये। सहायक मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन आशीष श्रीवास्तव ने रोटरी के गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। गर्वनर अनिल अग्रवाल ने इन्ट्रेक्ट क्लब बस्ती ग्रेटर के सुमीर गोयल, सचिन आहूजा, युवराज चौधरी, शौर्य गोयल, खुशी उपाध्याय, हर्षित श्रीवास्तव को चार्टर और प्रशस्ति पत्र देकर रचनात्मक कार्य करने का सुझाव दिया। समीक्षा बैठक में विकास चौधरी और ओम प्रकाश पाण्डेय को रोटरी की सदस्यता दी गई। रोटेरियन कविता अग्रवाल और रोटरी गर्वनर अनिल अग्रवाल को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक में क्लब के चार्टर अध्यक्ष किशन कुमार गोयल, प्रतिभा गोयल, राजेश्वरी वर्मा, अशोक कुमार शुक्ला, अनमोल कुमार मोदी, धर्मेन्द्र चौरसिया, राम दयाल चौधरी, डा. आलोक रंजन वर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, विनय मौर्य, शिव प्रकाश भारती, कमला देवी शुक्ला, ओम प्रकाश पाण्डेय आदि सदस्यों ने क्लब के गर्वनर को बताया कि क्लब लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

जानलेवा हमला करने व 35 मुकदमो का वांछित लखनऊ से किया गया गिरफ्तार

थाना कोतवाली देहात का है हिस्ट्रीशीटर अपराधी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु कड़े निर्देश दिए थे। उक्त के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में जानलेवा हमला करने के वांछित अभियुक्त रामकिशुन मिश्रा को मानवाधिकार आयोग के सामने से लोहिया होकर पालिटेक्निक जाने वाली सड़क किनारे, थाना विभूतिखण्ड जनपद लखनऊ पूर्वी पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रामकिशून मिश्रा पुत्र लालता प्रसाद मिश्रा निवासी खिरौरा मोहन थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत मु0अ0सं0– 516ध्23, धारा 147,14,149, 323,504,506,307 भादवि में काफी दिनों से फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय द्वारा एन0बी0डब्ल्यू0 व धारा 82 सीआरपीसी के आदेश जारी किये गये थे। थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।

बलरामपुर ऐम्स कॉन्वेंट स्कूल में कला प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। ऐम्स कान्वेंट स्कूल बलरामपुर भगवती गंज में

कला प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया जोकि कला प्रतियोगिता 19 मई 2023 को ही कराई गई थी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राम कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि अखिलेश्वर प्रसाद तिवारी रहे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया पश्चात विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किया प्रथम विजेता ओम पाठक, अर्पिता, काजल रहे द्वितीय विजेता प्रियांशी, घनश्याम अर्पित और तीसरे विजेता अर्चना काव्या और अब सीख रहे विद्यालय प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ला थ प्रधानाचार्य बी के शुक्ला उप प्रधानाचार्य विंदेश्वरी एवं अध्यापिका संगीता श्रीवास्तव, महिमा चौहान, सुनीता सैनी, विशाखा गुप्ता, श्रेया गुप्ता रचना शुक्ला, पीयूष शुक्ला पूर्णिमा सोनी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

समर कैम्प में छात्रों ने बनाये मिट्टी के बर्तन, उड़ाए वाटर राकेट

बस्ती। गर्मी की छुट्टियों में किताबी दुनियां से अलग बच्चे कुछ बेहतर सीख समझ सके इस दिशा में ओमनी इण्टर नेशनल स्कूल ने दो दिवसीय समर कैम्प लगाकर नया पहल किया है।

शिविर का उद्घाटन करते हुये निदेशक नीता सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि पूरा जीवन सीखने के लिये छोटा है। यह उत्सुकता बनी रहे इस दिशा में छात्रों को मिट्टी के बरतन, खिलौने बनाने के साथ ही वाटर राकेट, हस्तशिल्प प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं जिससे वे जीवन धारा और उसकी चेतना को सहजता से समझ सकें। मिट्टी के बरतन बनाने को लेकर जहां बच्चों में विशेष उत्साह दिखा और वे प्रशिक्षण दे रहे कुम्हारों से बारीकियां सीख रहे थे वहीं वाटर राकेट को लेकर उत्साह दिखा। छात्रा अदिति चौधरी, साक्षी चौरसिया, वैष्णवी सिंह, दिव्यांशी गोस्वामी, ऋषभ, सुमित यादव, उत्कर्ष, अखिलेश, आकृति, सजल, सचिन, अभिषेक, रिया, प्रिया, शानिया, अर्पित, शुभम की प्रस्तुतियां शानदार रहीं। कर्मा देवी ग्रुप के सीईओ अंशु सिंह गौतम, यजुवेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य बालाकृष्णन एम, देवेन्द्र कुमार चौधरी, दिनेश सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, मोमिता पाण्डेय, प्राची, अंकिता, रेशी कौर ने योगदान दिया।

सुरक्षित एवं विशुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से चलाया गया प्रवर्तन अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा

आमजनमानस को सुरक्षित एवं विशुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर दो दूध के नमूने संग्रह किए गये। अभियान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें भगौती व राम प्रसाद हरिहरगंज से दूध का नमूना संग्रह कर जांच हेतु भेजा गया। इसके साथ ही खाद्य व्यवसायियों को अपेक्षित लाइसेन्सध्पंजीकरण प्राप्त कर ही खाद्य व्यवसाय करने का निर्देश दिया गया। समस्त लाइसेन्स प्राप्त खाद्य निर्माता 31 मई, 2023 के पूर्व अपना वार्षिक रिटर्न विबवे पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल करने का निर्देश दिया गया। ऐसे न करने की स्थिति में रु0 100 प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क देय होगा। गर्मी के दृष्टिगत खाद्य कारोबार कर्ताओं को ताजे एवं विशुद्ध खाद्य पदार्थ ही बेचने का निर्देश दिया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी लालमणि यादव एवं बृजेश कुमार वर्मा मौजूद रहे।

डीएम ने तहसील तुलसीपुर के ग्राम पिपरिहवा में वीएचएसएनडी सत्र का किया निरीक्षण

टीकाकरण का लिया जायजा, ड्यू लिस्ट अपडेट किए जाने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा तहसील तुलसीपुर के ग्राम पिपरिहवा में वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण दिन) का निरीक्षण कर नियमित टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओ की चॉज का जायजा लिया लिया। पिछले सत्र में कितने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओ की चांज एवं टीकाकरण हुआ,इसके लिए एएनएम का ड्यू लिस्ट रजिस्टर देखा। रजिस्टर में टीकाकरण से छूटे लोगों का अपडेट नही पाया गया। उन्होंने कहा कि एएनएम एवं आशा एलिजिबल एवं छूटे लोगों का डाटा रजिस्टर में अपडेट करते हुए सभी का टीकाकरण सुनिश्चित करें। वीएचएसएनडी सत्र में सीएचओ उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने सत्र में दवाइयों एवं किट की उपलब्धता को देखा एवं चेकलिस्ट से मिलान किया। उन्होंने कहा की एएनएम एवं आशा को दवाइयों तथा किट आदि रखने के लिए बड़ा बैग दिए जाए। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार, सीएमओ डा सुशील कुमार, एमओआईसी सुमंत, यूनिसेफ की शिखा श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सदर में तहसील दिवस का आयोजन,53 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील दिवस आयोजन के अवसर पर गरीबध्असहाय ग्रामीण व्यक्तियों के समस्याओं का त्वरित निस्तारण तहसील दिवस के माध्यम से किया जाता हैं। तहसील नौगढ़ में मुख्य विकास अधिकारीध्जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील नौगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की मुख्य विकास अधिकारीधजिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी नौगढ़ डा0 ललित कुमार मिश्र द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारीधजिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 53 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व–44, पुलिस विभाग से सम्बन्धित–09, प्रकरण प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व के 03 प्रार्थना–पत्र को मुख्य विकास अधिकारीधजिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एम0पी0सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

मोदी सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 मई से 30 जून तक 1 महीने का महासंपर्क अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा डॉ0 समीर सिंह रहें तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि ने बताया मोदी सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 मई से 30 जून तक 1 महीने का महासंपर्क अभियान पार्टी द्वारा चलाया जाएगा जिसमें प्रेस वार्ता के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस को बताया जाएगा लोकसभा स्तर पर पार्टी जनसभा करेगी महा संपर्क अभियान के तहत घर–घर कार्यकर्ताओं के माध्यम से संपर्क करेगी भाजपा जिला संयोजक पासवान ने कहा मंडल स्तर तक कार्य समिति की बैठक करेगी भाजपा उक्त अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ0 सतीश

दिवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्षनव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र, रामकुमार कुंवर, लाल की त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधन चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी,जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, तेजू विश्वकर्मा, राम कृपाल चौधरी, जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, युवा मोर्चा मनोज मौर्या, गौरव मिश्र, विकास पाण्डेय, अविनाश सिंह, मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ला, निशांत पाण्डेय, नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण, मंडल प्रभारीगण, ब्लॉक प्रमुखगण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

45 वर्षीय महिला की डंडे से मारकर हत्या,क्षेत्र में सनसनी

रवि जयसवाल /
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जोगिया थाना अंतर्गत गोनहा गांव में शनिवार रात को आपसी विवाद के चलते 45 वर्षीय महिला की डंडे से मारकर हत्या कर दी गई सभी हत्या आरोपी फरार हो गए। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय के नजदीक के थाने जोगिया के गोनहा गांव में शनिवार रात उस समय हंगामा मच गया और पूरा जिला प्रशासन उस गांव को छावनी बना लिया जब एक 45 वर्षीय महिला की डंडे से मारकर हत्या कर दी गई साथ ही एक लड़की भी गंभीर रूप से घायल जिला हॉस्पिटल में भर्ती हो गई मामला आपसी विवाद का बताया जा रहा है लोगों का कहना है कि कटहल तोड़ने को लेकर आपसी विवाद हुआ था जिसमें महिला के सर पर किसी मोटे डंडे से मार कर हत्या कर दी गई साथ ही उसकी लड़की को भी जान से मारने का प्रयास किया गया हत्या करने के बाद हत्यारे गांव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक हत्या में तउलन,बरसाती ,किसलावती, गोलकी, दिनेश,चेतराम आदि ने मिलकर हत्या की है हत्या में मारी गई महिला बासमती पत्नी राजू और लगभग 45 वर्ष है जिसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन पूरी फौज के साथ गांव में पहुंचकर छानबीन करने लगा हत्या पुलिस के लिए चुनौती है कि सरेआम की गई इस हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लोगों में सुरक्षा का माहौल बनाएं।

जल्द होगी गिरफ्तारी-एसपी अमित कुमार आनंद

दैनिक बुद्ध का संदेश

घटनास्थल पर पहुंचते ही तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि छानबीन की जा रही है हत्या में जो भी लोग शामिल है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस की टीम को हत्यारों के पीछे लगा दी गई है जल्दी ही सारी गिरफ्तारियां हो जाएगी पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए मिली हुई है और लोगों की सुरक्षा की जाएगी।

जलकर खाक हुई कार दे रही, दुर्घटना को दावत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। दुर्घटना में जलकर खाक हुई कार नैशनल हाइवे के तीखे मोड़ पर नए दुर्घटना को दावत दे रही है आपको बता दें कि आज पिछले कई दिनों से चिल्हियां और बरगदवा के बीच में यह कार जलकर खाक हो चुकी है जो बीच रास्ते में 1 हफ्ते से पड़ी है शासन–प्रशासन दोनों ही मौन जिससे कभी भी कोई न कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने मन्दिर के घण्टे का किया उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। स्थानीय श्रीरामजानकी मंदिर में नगर के श्रीराम पटवा जी द्वारा भेंट स्वरूप लगाए गए 22 किलो के घंटे का भी उद्घाटन पूजन अर्चन के साथ व्यापार मंडल संरक्षक एवं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने किया। इस दौरान प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्रीराम जानकी मंदिर व्यवस्थापक रामसेवक गुप्ता सहित सतीश मित्तल, जय प्रकाश वर्मा, रिंकू वर्मा, किशोरी लाल गुप्ता, महावीर वर्मा, गोविंद प्रसाद फौजी, धर्मेन्द्र अग्रहरी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, मनोज गुप्ता, महेश कसौधन, कौशल किशोर उमर, राजेन्द्र कुमार कान्दू समेत परिजन पंकज कुमार श्रीवास्तव, इंजीनियर पुनीत कुमार श्रीवास्तव, इंजीनियर प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

एसएसबी ने इक्कीस बोरी डीएपी खाद किया सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर।कोतवाली क्षेत्र एसएसबी ४३वीं वाहनी

के सीमा चौकी बजहा एवं पकड़ीहवा के जवानों ने शुक्रवार को गस्ती के दौरान सीमा क्षेत्र के कोइरीडीहा गांव के पास से अवैध तरीके से जमा किये गए 21 बोरी डीएपी खाद को जब्त किया। बजहा कैंप निरीक्षक अखिलेश कुमार के नेतृत्व में जवान गस्त पर रहे, सूचना के आधार पर खाद लावारिस एक झोपड़ी मे रखी मिली जिसे कब्जे मे लेकर कैंप लाया गया। लोगो से पूछताछ किया, कोई जिम्मेवार नही दिखा। विधिक कार्य वाही करते हुए,खाद को खुनवा कस्टम के लिए भेज दिया गया। सीजर मे उप निरीक्षक गौर गोपाल अधिकारी, मुख्य आरक्षी प्रोशंता कुमार दास, आरक्षी राहुल यादव, उप निरीक्षक कश्मीर सिंह, एम. पंडित कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह विनोद कुमार शामिल रहे।

गोपेश्वर बने प्रधानाचार्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा के किसान इंटर कालेज उसका बाजार के प्रधानाचार्य गोपेश्वर चौबे को उप्र प्रधानाचार्य परिषद इकाई सिद्धार्थ नगर का सर्व सम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। जनपद के तिलक इंटर कालेज बासी में शुक्रवार को सम्पन्न हुए सम्मान समारोह व नई कार्यकारिणी के गठन में परिषद के प्रदेश संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल द्वारा गोपेश्वर चौबे को कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनने पर चंद्रभान त्रिपाठी, संजय गुप्ता, वीरेंद्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, राम पूजन, धर्मेंद्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, राम दरस यादव, अनिल मिश्र, सर्वेश उपाध्याय, सतेंद्र मिश्र, अम्बरीष मिश्र, अनिल चौबे आदि ने खुशी व्यक्त की है।

ग्राम पंचायत गरदहिया में भ्रष्टाचार के आरोप में तीन लोगों को जारी हुआ नोटिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों को लेकर हमेशा मीडिया की सुर्खियों में बना रहता है। ताजा मामला है विकास खंड के ग्राम पंचायत गरदहिया का यहाँ अव्वल के खेत से असलम के खेत तक नाला खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमें 65 मनरेगा श्रमिकों का मास्टर रोल भरा जा रहा है जबकि मौके पर कभी 12 कभी 15 कभी 17 श्रमिकों को लगा कर मनरेगा कार्य कराया जा रहा था और जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने साक्ष्य सहित जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा, मुख्य विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक सिद्धार्थ नगर सहित सभी जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों से किया तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज अमित कुमार सिंह को शीघ्र जांच कर कार्यवाही करने हेतु आदेशित एवं निर्देशित किया उसके बाद खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज अमित कुमार सिंह ने सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) शिव बहादुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए निशपक्षता से जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया दिनांक 18ध्05ध्23 दिन गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) शिव बहादुर ने जांच किया और मौके पर 65 श्रमिकों की बजाय केवल 17 श्रमिक ही उक्त कार्य स्थल पर मिले. उसी रिपोर्ट के आधार पर पत्रांक संख्या 427 द्वारा दोषियों के खिलाफ खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया कि केवल 17 श्रमिकों का ही उपस्थित फीड कराते हुए शेष अनुपस्थिति श्रमिकों के सम्बन्ध में अपना–अपना स्पष्टीकरण दें।

सम्पादकीय

जरूरत उन महिलाओँ पर ध्यान देने की है, जो घर की चाहरदीवारी में बंद नहीं रहना चाहतीं और बाहर काम करने के मौके की तलाश में रहती हैँ। साथ ही उन महिलाओं को उचित विकल्प उपलब्ध कराना होगा, जो नौकरी जाने के बाद दोबारा काम पर लौटना चाहती हैं। लेकिन यह सब एक नियोजित और ऐसी अर्थव्यवस्था में ही हो ...

कार्यबल में घटती महिलाएं

2021 में कार्यबल में महिलाओँ की भागीदारी घटकर 23 फीसदी रह गई। 2018 में हुए एक सर्वेक्षण से सामने आया था कि कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में 131 देशों की सूची में भारत 120वें नंबर पर था। हाल के दशकों मे, भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या में काफी कमी आई है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत में औपचारिक और अनौपचारिक कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी साल 2005 में 27 फीसदी थी, जो 2021 में घटकर 23 फीसदी रह गई। 2018 में हुए थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन के सर्वेक्षण के मुताबिक कार्यबल (वर्क फोर्स) में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में 131 देशों की सूची में भारत का 120वां स्थान था। स्पष्टतरू भारत में कार्यक्षेत्र में महिलाओं की कमी के पीछे कई कारण हैं। इनमें बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी, शादी के बाद घर की देखभाल, कौशल की कमी, शैक्षणिक व्यवधान और नौकरियों की कमी शामिल हैं। महिलाओं को घर के बाहर जाकर काम नहीं करना चाहिए, जैसी मान्यताएं भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन के सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक देशों में से एक है– खासकर यौन हिंसा के जोखिम के मामले में। कार्यबल में महिलाओं की घटी संख्या पर अक्सर चिंता जताई जाती है, लेकिन इसका व्यावहारिक समाधान क्या है, इस पर कम ही बात होती है। इस समस्या का संबंध सामाजिक मान्यताओं के साथ–साथ अर्थव्यवस्था और उसके संकट से भी जुड़ा है। जब किसी कंपनी में श्रमिकों को निकालने की नौबत आती है, तो सबसे पहले महिलाओं को बाहर किया जाता है। चूंकि महिलाओं को लैंगिक असमानता और पितृसत्तात्मक समाज के दोहरे भेदभाव का सामना करना पड़ता है, और अब सरकार ने भी महिलाओं के कार्यस्थलों पर अनुकूल स्थितियां बनाने से ध्यान हटा लिया है, इसलिए यह समस्या गहराती जा रही है। जरूरत उन महिलाओँ पर ध्यान देने की है, जो घर की चाहरदीवारी में बंद नहीं रहना चाहतीं और बाहर काम करने के मौके की तलाश में रहती हैँ। साथ ही उन महिलाओं को उचित विकल्प उपलब्ध कराना होगा, जो नौकरी जाने के बाद दोबारा काम पर लौटना चाहती हैं। लेकिन यह सब एक नियोजित और ऐसी अर्थव्यवस्था में ही हो सकता है, जहां नीतियां बनाने में सरकार अपनी भूमिका समझती हो। दुर्भाग्य से भारत में अभी सोच ठीक इसके उलटी दिशा में है।

ये जो सूरत –ए–हाल है!

जब ऐसी साधारण चीजों का बाजार सिकुड़ा है, तो निर्यात होने वाली वस्तुओं के लिए देश के अंदर उपभोक्ता ढूंढना नामुमकिन ही है। आयात का गिरना इस बाजार रुझान का भी एक संकेत है। निर्यात और आयात दोनों में अप्रैल में भारी गिरावट आई। निर्यात में 12 प्रतिशत और आयात में 14 प्रतिशत गिरावट आई। इसका ऊपर से दिखने वाला सकारात्मक नतीजा यह है कि देश का व्यापार घाटा कम हो गया। लेकिन यह गौर करने की बात है कि आयात में गिरावट को सिर्फ दो स्थितियों में अच्छी खबर माना जाता है। पहली तो यह कि उत्पादन सामग्रियां देश के अंदर ही बन रही हों और इनका इस्तेमाल निर्यात के लिए उत्पादन में हो रहा हो। दूसरी यह कि देश के अंदर बाजार बढ़ रहा हो और उसकी मांग को पूरा करने लायक उत्पादन करने में देश आत्म–निर्भर हो गया हो। ये आदर्श स्थितियां होती हैं। लेकिन भारत के साथ यह सूरत नहीं है। यहां आयात गिरने का सीधा अर्थ देश के अंदर उत्पादक गतिविधियों में गिरावट के कारण मांग का घटना है। जाहिर है, निर्यात के लिए विदेशों में प्रतिकूल बनते हालात के कारण निर्यात की स्थितियां बिगड़ रही हैं, तो देश के अंदर उत्पादक गतिविधियां भी धीमी हो रही हैं। इस बात की तस्दीक दूसरे आंकड़े भी करते हैं। मसलन, यह खबर महत्त्वपूर्ण है कि एफएमसीजी (तेल–साबुन जैसी रोजमर्रा के उपभोग की चीजें बनाने वाली कंपनियों) अब अपने मुनाफे की कीमत पर सामग्रियों के दाम घटाने का फैसला किया है। साथ ही उन्होंने उन चीजों के वजन बढ़ाने का फैसला किया है, जिनकी कीमत पहले जितनी रखने के लिए उनकी मात्रा में कटौती कर दी थी। इसका साफ तौर पर अपने गायब होते उस बाजार को वापस पाने की कोशिश है, जो महंगाई के कारण कंपनियों ने गंवा दिया है। एक वित्तीय अखबार ने यह खबर छापी है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति में गिरावट के बावजूद अप्रैल में उपभोक्ता समग्रियों की महंगाई बनी रही। ऐसे में उपभोक्ताओं का बजट में कटौती करने का ट्रेंड जारी रहना स्वाभाविक है। जाहिर है, जब ऐसी साधारण चीजों का बाजार सिकुड़ा है, तो निर्यात होने वाली वस्तुओं के लिए देश के अंदर उपभोक्ता ढूंढना नामुमकिन ही है। आयात का गिरना इस बाजार रुझान का भी एक संकेत है। भारत की आर्थिक संभावनाओं के मचे शोर से बीच ये हकीकत गुब्बारे में छेद करने वाली पिन की तरह हैँ।

अमिताभ बच्चन की सफाई

हमारे देश के ही गांधीजी थे, जिन्होंने द.अफ्रीका में नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठाई थी और आगे चलकर जब जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने गांधीजी से मिलना चाहा, तो उन्होंने इंकार कर दिया। क्योंकि हिटलर ने नस्ल और वर्ण की शु)ता के नाम पर अमानवीय अत्याचार की आग में जर्मनी को झोंका था। अगर भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के संविधानप्रदत्त अधिकार के बावजूद अल्पसंख्यकों को किसी ...

बॉलीवुड में शहंशाह और महानायक जैसे नामों से चर्चित अमिताभ बच्चन की पिछले दिनों एक इंस्टाग्राम पोस्ट आई, जिसमें वे पीले रंग की टी शर्ट, शॉर्ट्स और कैप पहने बाइक सवार के पीछे बैठे दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ महानायक बच्चन ने कैप्शन दिया कि श्सवारी के लिए धन्यवाद दोस्त.. आपको नहीं जानता.. लेकिन आपने एहसान किया और मुझे काम की जगह पर समय पर पहुंचा दिया... तेजी से और न सुलझने वाले ट्रैफिक जाम से बचने के लिए... धन्यवाद कैप्ड, शॉर्ट्स और पीले रंग की टी–शर्ट वाले।श सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन के लाखों फॉलोअर्स हैं।

लिहाजा इस पोस्ट को ढेरों लाइक्स मिले। तेज खबर पहुंचाने वाले चौनलों ने फटाफट खबर भी बना दी कि मुंबई के ट्रैफिक से बचने के लिए अमिताभ ने लिया बाइक सवार का सहारा। वक्त के पाबंद अमिताभ शूटिंग पर समय से पहुंचने के लिए बाइक पर हुए सवार। अनजान शख्स से अमिताभ ने ली लिफ्ट और शूटिंग पर पहुंचे, आदि। उनके प्रशंसकों ने भी इस पोस्ट पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं दीं, बिना यह सोचे–समझे कि अमिताभ बच्चन तक यह तस्वीर कैसे पहुंची। उन्होंने तस्वीर भेजने वाले का नाम क्यों नहीं लिखा।

इस तस्वीर को किसी ने तो खींचा ही होगा, लेकिन किसने ये खुलासा तो होना चाहिए था, क्या अमिताभ बच्चन को ये तस्वीर खींचने वाले ने भेजी थी या किसी और ने। ये सारे सवाल अमिताभ बच्चन की काम और वक्त की प्रतिबद्धता की तारीफों में गुम हो गए। सोशल मीडिया पर अक्सर यही होता है। लोग किसी भी अजीबोगरीब तस्वीर या पोस्ट के फेर में आ जाते हैं और सहज बुद्धि वाले सवाल दरकिनार हो जाते हैं। कौवा कान ले गया जैसे मुहावरे जब बने होंगे, तब सोशल मीडिया और फेक न्यूज तो नहीं थे, लेकिन इंसान की फितरत आदिम युग से आज के डिजीटल युग तक एक जैसी ही है।

बहरहाल, अमिताभ बच्चन की इस तस्वीर में एक पेंच निकल गया कि उन्होंने बाइक के पीछे बैठकर हेलमेट नहीं पहना। जबकि कानून के अनुसार हेलमेट न पहनने पर चालान कट सकता है।

हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें समाज और सरकार के लिए बड़ी चिंता का विषय है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दुर्घटनाओं में मारे गए कुल 69,385 दोपहिया सवारों में से लगभग 47,000 लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। इन आंकड़ों में और बढ़ोतरी न हो, इसलिए सरकार ने अब नियम काफी सख्त कर दिए हैं। ऐसे में समाज के चर्चित लोगों से यह उम्मीद की जाती है कि वे बाकियों के लिए मिसाल बनें। हर नियम का पालन करें। इससे पहले अनुष्का शर्मा का सोमवार को एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री को अपनी डबिंग के लिए जाना था, लेकिन पेड़ टूटने की वजह से उनका रास्ता बंद हो गया था। इस वजह से अनुष्का शर्मा ने अपने बॉडीगार्ड की मदद ली और बाइक पर उनके साथ निकलीं। इस वीडियो में अनुष्का और उनका बॉडीगार्ड दोनों बिना हेलमेट के दिखे।

मुंबई की ट्रैफिक पुलिस ने अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा दोनों के खिलाफ हेलमेट न पहनने के लिए कड़े कदम उठाए और उन पर 10, 500 का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही, ट्रैफिक पुलिस ने धारा 129ध्194, धारा 5ध180 और धारा 3(1)181 के तहत उन पर चालान जारी किया है। पुलिस ने चालान की फोटो ट्विटर पर शेयर भी की। ट्रैफिक पुलिस ने ये बताया है कि राइडर्स ने जुर्माना भरा है।

लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं हुई। अब अमिताभ बच्चन ने इस मामले में यू टर्न लिया है। अपने ब्लॉग में उन्होंने लिखा –श्रविवार है... बलार्ड एस्टेट की एक गली में शूटिंग के लिए औपचारिक अनुमति ली गई थी... रविवार के लिए अनुमति मांगी गई थी क्योंकि सभी कार्यालय बंद हैं और कोई आम लोग या यातायात नहीं है। शूटिंग के लिए पुलिस की अनुमति से इलाके की एक गली बंद है... गली मुश्किल से 30–40 मीटर है। मैंने जो ड्रेस पहनी है, वह फिल्म के लिए मेरी कॉस्ट्यूम है। और... मैं चालक दल के सदस्य के रूप में बाइक पर बैठकर मटरगश्ती कर रहा हूं... यहां कहीं नहीं जा रहा हूं, लेकिन यह आभास दे रहा हूं कि मैंने समय बचाने के लिए यात्रा की है...श।

अमिताभ बच्चन बड़े कवि हरिवंशराय बच्चन के सुपुत्र हैं, उन्होंने बड़े सलीके से आभास शब्द का इस्तेमाल किया है। असल में यहां झांसा शब्द लिखा जाना चाहिए था। क्योंकि वे मटरगश्ती कर रहे थे और लोग इस झांसे में आ गए कि वे वक्त के कितने पाबंद है, कि वे सुपरस्टार होने के बावजूद शूटिंग पर समय से पहुंचने के लिए बाइक पर बैठ गए, वो भी एक अनजान शख्स के साथ। किशोरवय के लोग इस तरह के मजाक अपने साथियों के साथ करें, यह तो समझ आता है। मगर अमिताभ बच्चन को ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी, ये समझना कठिन है। क्या वे अब भी किसी तरह प्रचार पाना चाहते हैं। वैसे उनकी लोकप्रियता का आलम तो ये है कि वो जहां खड़े हो जाएं, स्टारडम वहीं से शुरु होता है।

फिल्म ही नहीं, टीवी के पर्दे पर भी वे अपनी अलग छाप छोड़ चुके हैं। दर्जनों विज्ञापन उनकी झोली में हैं। उम्र के 75 बसंत देखने के बावजूद वे पूरी सक्रियता से मनोरंजन जगत में बने हुए हैं, यह बात ही प्रेरणादायक है। नौजवानों को उनकी फुर्ती और मेहनत देखकर सीख मिलती है। अमिताभ बच्चन चाहें तो अपने प्रभाव का इस्तेमाल समाज की बेहतरी के लिए करें।

कांग्रेस के काम आएंगे सिद्धरमैया

कर्नाटक में कांग्रेस को इस राजनीति का फायदा हुआ और आगे आने वाले चुनावों में भी कांग्रेस को इसका फायदा हो सकता है। कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों की बेचौनी इसी वजह से बढ़ी है। सो, ईमानदार और साफ–सुथरी छवि, अलग अलग जातीय समूहों में व्यापक जनाधार और धर्मनिरपेक्ष राजनीति ये तीन चीजें ऐसी हैं, जो सिद्धरमैया के पक्ष में गईं और वे शिवकुमार को पीछे छोड़ कर फिर मुख्यमंत्री ...

अजीत द्विवेदी,

आखिरकार कांग्रेस ने तय किया कि सिद्धरमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री होंगे। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। कांग्रेस में शामिल होने के छह साल बाद ही 2013 में ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे और उसके बाद से प्रदेश में कांग्रेस की राजनीति की एक महत्वपूर्ण धुरी बने हुए हैं। वे सरकार के बारे में अच्छी धारणा बनवाने में कामयाब होंगे और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बहुत काम आएंगे। अभी कांग्रेस की पहली जरूरत यह थी कि चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के मन में उसने जो धारणा बनवाई है वह और मजबूत हो। ध्यान रहे कि कांग्रेस की कर्नाटक जीत में जो मुख्य फैक्टर रहे हैं उनमें से ज्यादातर का प्रतिनिधित्व सिद्धरमैया करते हैं। भाजपा की तत्कालीन सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कंट्रास्ट में सिद्धरैया ईमानदार चेहरा हैं। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे के कंट्रास्ट में सिद्धरमैया एक मजबूत सेकुलर नेता हैं। और अंत में लिंगायत व वोक्कालिगा के बीच बंटी राज्य की राजनीति में सबसे बड़े जातीय समूह के सर्वमान्य नेता हैं।

ध्यान रहे कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा था और लोगों के मन में यह धारणा बनवाई थी कि प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार है। उसके कंट्रास्ट में कांग्रेस सरकार साफ–सुथरी है यह धारणा डीके शिवकुमार के चेहरे से नहीं बन सकती थी। यह धारणा सिद्धरमैया के चेहरे से बनेगी और मजबूत होगी। सिद्धरमैया की छवि एक सख्त प्रशासक और ईमानदार मुख्यमंत्री की रही है। 2013 से 2018 के उनके पांच साल के कार्यकाल में लगे छोटे मोटे आरोपों को छोड़ दें तो उनकी छवि बेदाग रही। उन्होंने श्ज्यों की त्यों धर दीन्ही चदरियाय के अंदाज में राजनीति की। उसके बाद एक साल के लिए कांग्रेस समर्थित जेडीएस की सरकार थी और चार साल भाजपा की सरकार रही, जिसमें बीएस येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई, दो मुख्यमंत्री बने। पांच साल में बने इन तीनों मुख्यमंत्रियों की सरकार का कामकाज विवादों में रहा। सो, सिद्धरमैया के चेहरे से कांग्रेस ईमानदार सरकार देने का अपना दावा मजबूत कर सकती है।

सिद्धरमैया कुरुबा जाति से आते हैं, जो अन्य पिछड़ी जाति यानी ओबीसी समूह की एक मजबूत जाति है। राज्य में कुल ओबीसी आबादी 36 फीसदी है और राज्य में कुरुबा आबादी सात फीसदी है, जो 17 फीसदी लिंगायत और 11 फीसदी वोक्कालिगा के बाद संभवतरू सबसे बड़ी जाति है। सिद्धरमैया प्रदेश की राजनीति में निर्विवाद रूप से सबसे बड़े ओबीसी नेता हैं और उनकी वजह से यह समूह कांग्रेस के साथ जुड़ा है। यह जुड़ाव 2013, 2018 और 2023 के तीनों चुनावों में दिखा है। तीनों चुनावों में कांग्रेस का वोट क्रमशरू बढ़ता गया है। 2013 में कांग्रेस 36 फीसदी वोट लेकर जीती थी और सिद्धरमैया मुख्यमंत्री बने थे। पांच साल सरकार चलाने के बाद 2018 में कांग्रेस हार गई थी लेकिन उसका वोट 36 से बढ़ कर 38 फीसदी हो गया था। यह अरसे बाद पहला मौका था, जब किसी इन्कम्बेंट यानी सत्तारूढ़ दल का वोट बढ़ा हो। कांग्रेस हार गई थी लेकिन उसका वोट प्रतिशत बढ़ा था। उसके बाद 2023 में कांग्रेस का वोट बढ़ कर 43 फीसदी हो गया। इन तीनों चुनावों में कांग्रेस को मिले वोट का एक निष्कर्ष यह है कि ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा है और सिद्धरमैया के मुख्यमंत्री बनने से उसका जुड़ाव मजबूत होगा। इस निष्कर्ष पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि भाजपा शुरू से लिंगायत वोट की राजनीति करती है और जेडीएस बुनियादी रूप से वोक्कालिगा समुदाय की पार्टी है।

असल में कर्नाटक में पिछड़घ समुदाय से आने वाले सबसे पहले बड़े नेता देवराज अर्स ने श्अहिंदाय शब्द दिया था, जिसके सहारे अल्पसंख्यक, पिछड़ा और दलित की साझा राजनीति को प्रतीकित किया जाता है। कांग्रेस के दिग्गज रहे आरएल जलप्पा ने इस राजनीति को आगे बढ़ाया था और अब सिद्धरमैया इस राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं। कर्नाटक की राजनीति में उनका कद इस श्अहिंदाय समीकरण से बढ़ा है। वे खुद पिछड़ी जाति से आते हैं लेकिन अल्पसंख्यक और दलित उनके ऊपर समान रूप से भरोसा करते हैं। यह उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत है। इसी वजह से मुख्यमंत्री की रेस में डीके शिवकुमार उनसे पिछड़े। सो, वोट की राजनीति के लिहाज से भी सिद्धरमैया का चयन कांग्रेस के लिए बहुत काम आने वाला साबित होगा।

तीसरी बात धर्मनिरपेक्ष राजनीति की है, जिसका सबसे विश्वसनीय चेहरा सिद्धरमैया का है। वे इस समय कर्नाटक की राजनीति में श्अहिंदाय समीकरण के प्रतिनिधि हैं। चुनाव के दौरान एक तरफ भारतीय जनता पार्टी लगातार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले मुद्दे उठा रही थी तो दूसरी ओर कांग्रेस ने आगे बढ़ कर ऐलान कर दिया कि सत्ता में आई तो नफरत फैलाने वाले संगठनों, चाहे वह पीएफआई हो या बजरंग दल, उन पर पाबंदी लगाएगी। बजरंग दल पर पाबंदी की घोषणा ने अल्पसंख्यक समुदाय के बीच कांग्रेस का भरोसा बढ़ाया। पहले भी सिद्धरमैया अपने पांच साल के शासन के दौरान तमाम तरह के मठों, मंदिरों, मस्जिदों आदि से दूर रहे। उन्होंने राज्य के धर्मनिरपेक्ष होने की धारणा को मजबूत किया। इस बार भी चुनाव नतीजे आने के बाद डीके शिवकुमार सबसे पहले तुमकुर में लिंगायत समुदाय के सिद्धगंगा मठ में पहुंचे और आशीर्वाद लिया। उनको मुख्यमंत्री बनाने के लिए कई धर्मगुरुओं ने अपील की थी। इसके उलट सिद्धरमैया किसी मंदिर या मठ में नहीं गए। उनके लिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समूहों का दबाव था।

गौरतलब है कि राहुल गांधी जब भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे तो उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राजनीति पर जोर दिया था। भारत की राजनीति में पिछले कुछ समय से धर्मनिरपेक्षता की बात करना आत्मघाती माना जाने लगा है क्योंकि सोशल मीडिया में ऐसे लोगों को टुकड़े टुकड़े गैंग या देश विरोधी बताया जाने लगता है। इसके बावजूद राहुल गांधी ने जोखिम लिया और धर्मनिरपेक्ष राजनीति की डोर पकड़े रहे। कर्नाटक में कांग्रेस को इस राजनीति का फायदा हुआ और आगे आने वाले चुनावों में भी कांग्रेस को इसका फायदा हो सकता है। कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों की बेचौनी इसी वजह से बढ़ी है। सो, ईमानदार और साफ–सुथरी छवि, अलग अलग जातीय समूहों में व्यापक जनाधार और धर्मनिरपेक्ष राजनीति ये तीन चीजें ऐसी हैं, जो सिद्धरमैया के पक्ष में गईं और वे शिवकुमार को पीछे छोड़ कर फिर मुख्यमंत्री बने। ये तीनों चीजें आगे की राजनीति में कांग्रेस के बहुत काम आ सकती हैं।

आईपीएल 2023 में इन टीमों के पास अब भी है प्लेऑफ में पहुंचने का मौका, दो दिन और चार मैचों के बाद सामने आएगा रिजल्ट

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे है। अब लीग मुकाबले अपने अंतिम दौर में पहुंच चुके है। आईपीएल 2023 में प्लेऑफ की रेस बेहद रोमांचक हो गई है। लीग में अब तक कुल 66 मैच खेले जा चुके है, मगर प्ले ऑफ के लिए सिर्फ एक ही टीम ने क्वालीफाई किया है। अन्य तीन टीमों का नाम अब तक प्लेऑफ के लिए फाइनल नहीं हो सका है।

प्लेऑफ की रेस से पंजाब किंग्स पूरी तरह से बाहर हो गई है। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने पंजाब किंग्स को अंतिम लीग मुकाबले में चार विकेट से हराया और प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की पंजाब किंग्स की सभी उम्मीदें खत्म हो गई है। इस जीत के साथ राजस्थान 14 अंकों के साथ 5वें स्थान पर है। वहीं रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर भी चौथे पायदान पर पहुंच चुकी है। जबकि मुंबई इंडियंस भी 14 अंकों के साथ छठे पायदान पर है। यानी कुल तीन टीमों के 14 अंक है।

गौरतलब है कि अब तक प्लेऑफ के लिए सिर्फ गुजरात टाइटंस की टीम ने ही क्वालीफाई किया है। वहीं तीन अन्य टीमों की जगह अभी खाली है और इन स्थानों के लिए 6 टीमों के बीच रेस देखने को मिलेगी। इन 6 टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस का नाम शामिल है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का सफर लीग में खत्म हो चुका है।

आंकड़ों के मुताबिक अगर चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों ही अपने अंतिम मुकाबलों में जीत हासिल करती हैं तो वो सीधे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी। बता दें कि चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का अंतिम मुकाबला 20 मई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होगा। हालांकि अगर चेन्नई सुपर किंग्स ये मुकाबला हार जाती है तो उसके लिए प्लेऑफ में पहुंचना मुंबई इंडियंस और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

बैंगलोर और मुंबई पर निगाहें

रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने सनराइजर्स हैदराबाद को पिछले मुकाबले में हराया था, जिसके बाद वो चौथे नंबर पर है और प्लेऑफ में खेलने की उम्मीदें भी बरकरार है। आरसीबी का अंतिम मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ होगा जो इस लीग की सबसे मजबूत टीम है। गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाला मुकाबला लीग का अंतिम मुकाबला है। बता दें कि मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है जो वर्तमान में छठे नंबर पर है। 13 मुकाबले खेलने के बाद 14 अंकों के साथ टीम अब भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है। हालांकि इसके लिए मुंबई इंडियंस को नेट रनरेट में सुधार करना होगा और अंतिम मुकाबले में जीत भी हासिल करनी होगी। वर्तमान में मुंबई इंडियंस का नेट रनरेट –0.128 में है। वहीं राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास भी प्लेऑफ में बने रहने की उम्मीद है।

जो मजा गरदा उड़ा दिया में है वो hits it out of the stands में कहां, रवि किशन की भोजपुरी कमेंट्री पर बोले वेदांता के बश्स

आईपीएल फाइनल में मुश्किल से 10 दिनों का वक्त बचा है। आईपीएल का लीग मैच अपने आखिरी चरण पर है। इसके साथ ही हैं आज या कल में आईपीएल की टॉप 4 टीमों का निर्धारण भी हो जाएगा। इस बार आईपीएल में भोजपुरी कमेंट्री भी देखने को मिला। सुप्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेता और सांसद रवि किशन भोजपुरी में कमेंट्री करते नजर आएं। अब रवि किशन की कमेंट्री के बिजनेस टाइकून अनिल अग्रवाल भी फैन हो गए हैं। तभी तो उन्होंने अपने पोस्ट के जरिए दिल की बात लिख दिया है। सोशल मीडिया पर, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के चेयरमैन ने ट्विटर पर अपने 168.1ज्ञ फॉलोअर्स के साथ अपना अनूठा अनुभव साझा किया।

उन्होंने कहा कि भोजपुरी कमेंट्री यह सुनकर मुझे खुशी हुई, मुझे लगा कि मैं घर वापस दोस्तों के साथ मैच पर चर्चा कर रहा हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारी सभी क्षेत्रीय भाषाएं सुंदर हैं। क्रिकेट कमेंट्री को सभी के लिए समझने योग्य बनाना स्वागत योग्य है।

अब जो मजा श्गरदा उड़ा दियाश में है वो श्हिट इट आउट ऑफ द स्टैंड्सश में कहां... भोजपुरी में खेल देखने से मैं खेल के और अपने घर के करीब आ गया। अनिल अग्रवाल एक भारतीय अरबपति व्यवसायी हैं जो वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। अग्रवाल के परिवार की कुल संपत्ति 4 अरब डॉलर है। अग्रवाल का जन्म और पालन–पोषण पटना, बिहार के एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था। उनके पिता द्वारका प्रसाद अग्रवाल का एल्युमिनियम कंडक्टर का छोटा सा कारोबार था। 19 साल की उम्र में, उन्होंने कैरियर के अवसरों का पता लगाने के लिए पटना से मुंबई के लिए प्रस्थान किया था।

ने उन्हें उनके बचपन और बिहार के दोस्तों की याद दिला दी।

अपनी यादों को साझा करते हुए अनिल अग्रवाल ने लिखा कि जब मैंने पहली बार क्रिकेट देखना शुरू किया था तो कमेंट्री केवल अंग्रेजी में होती थी। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि कुछ समक्ष में आ जाता और कुछ सर के ऊपर से निकल जाता. .लेकिन क्रिकेट का खेल इतना दिलचस्प था हम बिना ऑडियो के भी देखते थे। उन्होंने आगे लिखा कि अभी कुछ दिन पहले मैंने भोजपुरी में क्रिकेट कमेंट्री सुनी जिसमें रवि किशन ने कहा – ई गेंद गईल छपरा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पे..

हर तरफ देखने को मिल रहा धोनी का क्रेज, थाला के लिए दिल्ली में बिके सभी टिकट

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स दिल्ली के मैदान में बेहद अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने उतरेगी। सीएसके के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है क्योंकि इस मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद टीम सीधे प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर सकेगी। वहीं दिल्ली के होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में दूसरी बार दोनों टीमें आमने सामने होंगी। इस सीजन में जब पहली बार दोनों टीमें भिड़ी थी तो धोनी ब्रिगेड ने जीत हासिल की थी।

वहीं एक तरफ दिल्ली कैपिटल्स लीग से पहले ही बाहर हो चुकी है मगर चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ के लिए 20 मई को होने वाला मुकाबला जीतना जरुरी है। चेन्नई सुपर किंग्स चार बार की आईपीएल चौंपियन है। प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों के मुकाबले 23 मई से शुरु होंगे जबकि 21 मई को लीग मुकाबले खत्म होंगे। वहीं 24 मई को एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। ये मुकाबले चेन्नई सुपर किंग्स के घरेलू मैदान चेपॉक स्टेडियम में होंगे।

सभी टिकट बिके

बता दें कि इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खेलने की संभावना है। ऐसे में महेंद्र सिंह धोनी को लेकर फैंस में खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। चेपॉक स्टेडियम में 36 हजार सीटें है। स्टेडियम में 20 फीसदी टिकट लोकल एसोसिएशन और ब्रॉडकास्टर को दिए जाते हैं। वहीं कुल 28 हजार सीटें दर्शकों के लिए रखी गई है। इनमें से 23 हजार सीटों के लिए टिकट बिक चुके है। दर्शक और खास तौर से महेंद्र सिंह धोनी के फैंस उन्हें मैदान पर देखने के लिए काफी उत्साहित है।

दिल्ली से भिड़ेगी चेन्नई

करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने उतरेगी। दिल्ली की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि टीम चाहेगी की घरेलू मैदान में जीत हासिल कर टूर्नामेंट का समापन करे। दिल्ली की जीत से चेन्नई के प्लेऑफ में पहुंचने के समीकरणों में कई बदलाव देखने को मिल सकते है। चेन्नई की टीम अभी 13 मैचों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन दिल्ली के खिलाफ हार से उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ जाएगी। इस मैच में जीत से चेन्नई का प्लेऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहेगी या नहीं इसका निर्धारण लखनऊ सुपरजाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच से तय होगा। दिल्ली में संभवतरू अपना आखिरी मैच खेल रहे धोनी परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत

बल्लेबाजी चेन्नई का मजबूत पक्ष है। शीर्ष क्रम में डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड और अजिंक्य रहाणे टीम को अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। अंबाती रायडू, रविंद्र जडेजा और मोईन अली को हालांकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे का अच्छा साथ देने की जरूरत है। धोनी ने अंतिम ओवरों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा नमूना पेश किया है और टीम को कप्तान से फिर से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में तुषार देशपांडे महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट हासिल किए हैं जबकि श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्ष्णा ने भी अच्छा प्रभाव छोड़ा है। दिल्ली ने पहले चरण में लगातार पांच मैच गंवाए लेकिन इसके बाद उसने कुछ लय हासिल की और अगले आठ में से पांच मैचों में जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम पंजाब किंग्स पर 15 रन की मनोबल बढ़ाने वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी। डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम इस मैच में भी बिना किसी दबाव के खेलेगी और ऐसे में चेन्नई को उससे सतर्क रहना होगा। अक्षर पटेल को छोड़कर दिल्ली की टीम में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज इस सत्र में नाकाम रहे लेकिन उससे विदेशी बल्लेबाजों कप्तान वॉर्नर, मिशेल मार्श, फिल सॉल्ट और रिली रोसौव ने अच्छी पारियां खेली हैं। दिल्ली ने अब तक जितने भी मैच जीते उनमें उसके गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने स्पिन विभाग अच्छी तरह से संभाला है जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और खलील अहमद ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया ने भी लय हासिल कर ली है।

हिरोशिमा शब्द सुनते ही आज भी डर जाती है दुनिया, महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए बोले पीएम मोदी

जापान के इस शहर में शांति के दूत महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया आज भी श्हिरोशिमाश शब्द सुनकर भयभीत हो जाती है। शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान पहुंचे मोदी ने हिरोशिमा में गांधी की 42 इंच की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने के बाद यह टिप्पणी की। मोतोयासु नदी से सटे बस्ट साइट में हर दिन हजारों लोग स्थानीय और पर्यटक समान रूप से आते हैं। उन्होंने प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि आज भी दुनिया हिरोशिमा शब्द सुनकर भयभीत हो जाती है। जी7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान की यात्रा के दौरान मुझे महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जापान सरकार को हिरोशिमा में मूर्ति स्थापित करने और उसका अनावरण करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि दुनिया आज जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद से जूझ रही है और गांधी के आदर्शों पर चलकर ही जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई को जीता जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों पर चलना होगा। हिरोशिमा में महात्मा गांधी की मूर्ति अहिंसा के विचार को आगे बढ़ाएगी। मेरे लिए यह जानना एक महान क्षण है कि मैंने जापानी प्रधान मंत्री को जो बोधि वृक्ष उपहार में दिया था, वह यहां हिरोशिमा में लगाया गया है ताकि लोग यहां आने पर शांति के महत्व को समझ सकें। मैं महात्मा गांधी को अपना सम्मान देता हूं।

कैबिनेट ने पांच गारंटी को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी है, सिद्धारमैया बोले- लोगों की अपेक्षाओं के अनुसार शासन देंगे

कर्नाटक में आज सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। उनके साथ डीके शिवकुमार उप मुख्यमंत्री बने हैं। वहीं आठ अन्य विधायकों को मंत्री बनाया गया है। कैबिनेट की पहली बैठक में कांग्रेस सरकार ने उन 5 गारंटियों को लेकर आदेश पारित किया है जिसको चुनावी मेनिफेस्टो में कहा गया था। सिद्धारमैया ने कहा हमने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में कांग्रेस की पांच गारंटी को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि घोषणा पत्र में पांच गारंटियों का वादा किया गया था और उन पांचों गारंटियों को लागू करने का आदेश कैबिनेट की पहली बैठक के बाद दिया गया था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगली कैबिनेट बैठक के बाद सभी लागू होंगे जिसे एक सप्ताह के भीतर बुलाया जाएगा।

सिद्धारमैया ने कहा कि जो सरकारें पहले चलती थीं वे बेकार थीं, वे हमें करों का हिस्सा ठीक से नहीं दिला सके। वित्त आयोग की सिफारिश के मुताबिक केंद्र को हमें 5,495 करोड़ रुपये देने हैं। पिछली सरकार को नहीं मिला। निर्मला सीतारमण कर्नाटक से राज्यसभा सांसद हैं और उनकी और पीएम की वजह से कर्नाटक को नुकसान हुआ। इससे पहले उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कर्नाटक के लोगों की अपेक्षाओं के अनुसार शासन देगी। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के कुछ ही देर बाद सिद्धरमैया ने कहा, ''हम ऐसा प्रशासन मुहैया कराएंगे, जिसकी लोगों ने हमसे उम्मीद की है। कैबिनेट की बैठक में पांच गारंटी को पारित किया जाएगा और उन्हें लागू करने के लिए आज ही एक आदेश जारी किया जाएगा।''

कांग्रेस ने कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद पहले दिन 'पांच गारंटी' लागू करने का वादा किया है। इन वादों में सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली (गृह ज्योति), हर परिवार की महिला मुखिया (गृह लक्ष्मी) को 2,000 रुपये मासिक सहायता, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल (अन्न भाग्य), बेरोजगार स्नातक युवाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपये और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों (18–25 आयु वर्ग में) को दो साल के लिए 1,500 रुपये (युवा निधि) और सार्वजनिक परिवहन बसों (शक्ति) में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा शामिल हैं।

चीन ने कश्मीर में जी20 बैठक का किया बहिष्कार

क्या तुर्की और सऊदी अरब भी कर रहे हैं किनारा?

चीन द्वारा पाकिस्तान के साथ एक संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे को उठाने के कुछ दिनों बाद अब उसने कहा है कि वह अगले सप्ताह जम्मू और कश्मीर में नियोजित जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में शामिल नहीं होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वो विवादित क्षेत्र में ऐसी बैठकें आयोजित करने का दृढ़ता से विरोध करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन द्वारा जारी एक औपचारिक बयान में कहा गया है कि चीन विवादित क्षेत्र पर किसी भी प्रकार की जी20 बैठक आयोजित करने का दृढ़ता से विरोध करता है।

उन्होंने कहा कि हम ऐसी बैठकों में शामिल नहीं होंगे। पाकिस्तान और चीन दोनों ने पहले भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लिए अनुचित संदर्भ दिए हैं। जम्मू–कश्मीर पर बीजिंग और इस्लामाबाद के बयानों को भारत लगातार खारिज करता रहा है। हमने इस तरह के बयानों को लगातार खारिज किया है और संबंधित सभी पक्ष इन मामलों पर हमारी स्पष्ट स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविच्छेद्य अंग हैं और रहेंगे। इसके अलावा तुर्की और सऊदी अरब ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। केंद्रीय पर्यटन सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि पंजीकरण की प्रक्रिया 22 मई की सुबह तक जारी रहेगी।

पाकिस्तान और चीन दोनों ने पहले भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लिए अनुचित संदर्भ दिए हैं। जम्मू–कश्मीर पर बीजिंग और इस्लामाबाद के बयानों को भारत लगातार खारिज करता रहा है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान और चीन की टिप्पणियों पर पहले टिप्पणी की है। भारत ने इससे पहले भी कहा है कि हमने इस तरह के बयानों को लगातार खारिज किया है और संबंधित सभी पक्ष इन मामलों पर हमारी स्पष्ट स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविच्छेद्य अंग हैं और रहेंगे। किसी अन्य देश के पास इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं।

यूएस ने लगाया बैन तो भड़क गया रूस, बराक ओबामा समेत 500 अमेरिकी नागरिकों की एंट्री कर दी बैन

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा पर रूस ने अपने देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रूस के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार कहा गया कि वो 500 अमेरिकियों पर प्रतिबंध लगा रहा है, जिसमें अमेरिकी कार्यकारी शाखा के कई वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। ओबामा के अलावा, सूची में पूर्व अमेरिकी राजदूत जॉन हंट्समैन, कई अमेरिकी सीनेटर और संयुक्त प्रमुखों के अगले अपेक्षित अध्यक्ष चार्ल्स क्यू ब्राउन जूनियर भी शामिल हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी देर रात टीवी शो के मेजबान जिमी किमेल, कोलबर्ट और सेठ मेयर्स भी हैं जिन्हें रूस द्वारा देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सीएनएन के अनुसार, रूसी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि संलग्न श्सूची–500श में सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वे लोग भी शामिल हैं जो तथाकथित स्टॉर्मिंग द कैपिटल के मद्देनजर असंतुष्टों के उत्पीड़न में सीधे तौर पर शामिल हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका को ये बात बहुत पहले ही सीख लेना चाहिए था कि हमारे खिलाफ एक भी दुश्मनी वाला फैसलें को हम यूं ही नहीं छोड़ेंगे. रूस ने जिन अमेरिकियों पर बैन लगाया है उनमें बराक ओबामा के अलावा टेलीविजन होस्ट स्टीफन कोलबर्ट, जिमी किमेल और सेठ मेयर्स भी शामिल थे रूसी मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में प्रतिबंधों को उचित ठहराया, जिसमें कहा गया कि वाशिंगटन के लिए यह सीखने का सही समय है कि रूस के खिलाफ एक भी शत्रुतापूर्ण हमला पर जबाव मिलेगा। रूस के इस कदम को अमेरिका के उस फैसले का जवाब माना जा रहा है, जिसमें अमेरिका ने रूस की सैकड़ों कंपनियों और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया था।

दो के खिलाफ छेड़खानी और एससीएसटी का केस दर्ज

देवरिया । पुलिस ने नगर के एक वार्ड के दो लोगों के विरुद्ध छेड़खानी और एससीएसटी का केस दर्ज किया है। महिला ने दोनों पर छप्पर में बुलाकर छेड़खानी करने आदि का आरोप लगाया था। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने कहा है कि 13 मई की दोपहर में वह हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। इसी बीच एक आरोपी ने छप्पर में बुलाया, वहां एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। दोनों छेड़खानी करने लगे। इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि महिला की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

आग से छह झोपड़ियां व हजारों का सामान जला

देवरिया । क्षेत्र के श्रीरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम नियरवा में दोपहर तेज पछुआ हवा की वजह से लगी आग से 2 लोगों की छह झोपड़ियां एक खोंप व उसमें रखा हजारों का सामान जल गया। आग को गांव के लोगों को तथा गांव के बाहर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के खिलाड़ियों और दर्शकों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया। लोगों ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग पहले अमर राजभर की एक झोपड़ी में लगी। तेज पछुआ हवा के चलते देखते–देखते उनकी दो और झोपड़ियों में पकड़ ली और इसमें रखा सामान जल गया। उसके बाद आग फैल कर भोला बाबा की तीन झोपड़ी व टीन शेड तथा एक खोंप में लग गई। जिससे खोंप में रखा भूसा अनाज तथा झोपड़ी में रखा सामान जल गया। आग को गांव वालों तथा क्रिकेट मैच खेल रहे युवकों ने आसपास के पंपिंग सेटों को चलाकर कड़ी मेहनत से बुझाया। उन्होंने बताया कि थाने को सूचना देने के बावजूद भी अग्निशमन की गाड़ी नहीं पहुंची।

अनियंत्रित होकर मैजिक पलटी, छह यात्री घायल

ठूठीबारी। निचलौल–ठूठीबारी मुख्य सड़क मार्ग पर नौनियां गांव के पास एक वृद्ध को बचाने के चक्कर में यात्रियों से भरी मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। छह लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में इलाज कराने के बाद घर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में चार लोग घायल

निचलौल। चिउटहा मार्ग पर बरगदही गांव के पास .चिउटहा की तरफ से आ रही बाइक की चपेट में आकर साइकिल सवार आ गया। इस हादसे में बाइक सवार समेत चार लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बरगदही निवासी छांगुर (45) किसी कार्य से हरदी गांव की तरफ साइकिल से जा रहे थे। पिपराकाजी निवासी अब्दुल (22) अपनी बाइक पर साजरा खातून (30) और सुबैदा खातून (28) को बैठाकर चिउटहा की तरफ से आ रहे थे। बरगदही गांव के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक आंनद कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आरोपियों के घर पर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

महाराजगंज । सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बागापार चौकी की पुलिस ने शाम न्यायालय में हाजिर न होने व फरार चल रहे आरोपियों के घर पहुंच कुर्की की नोटिस चस्पा की। गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि बागापार टोला बरगदवा निवासी प्रहलाद वर्मा के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा धमकी देने के संबंध में एवं ग्राम सिसवनिया निवासी अभय प्रताप के विरुद्ध सरकारी काम में बांधा डालने तथा सरकारी कर्मचारी से मारपीट करने से संबंधित मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर दोनों की गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन हाथ नहीं लगे। मुकदमे में वारंट के बाद फरार चल रहे दोनों के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है।

ट्रॉली पर लदा अनाज बरामद

ठूठीबारी। 22वीं वाहिनी के एसएसबी जवानों ने अनाज लदे ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ तीन लोगों को हिरासत में लेकर कस्टम निचलौल को सौंप दिया। एसएसबी उपनिरीक्षक सामान्य हंसराज ने बताया कि 67 क्विंटल चावल व 45 क्विंटल गेहूं के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

ताने से तंग आकर युवती ने दी जान

महाराजगंज । रानी लक्ष्मीबाई नगर वार्ड (बरगदवा) में .एक युवती ने कमरे में कुंडे के सहारे गले में रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि युवती की पहली शादी टूट गई थी। दूसरी शादी नहीं हो रही थी। युवक देखकर उसे नापंसद कर दे रहे थे। इससे वह परेशान रहती थी। पुलिस के मुताबिक, निशा (26) घर पर अकेली थी। मां लक्ष्मीना गांव के बाहर प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के तहत मिले सरकारी आवास को बनवा रही थीं। कुछ देर के बाद वह पुराने घर पर आईं तो देखा कि दरवाजा बंद है। उन्होंने बेटी को आवाज दी। जब कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो आसपास के लोगों को बुला लिया। लोगों ने दरवाजा तोड़कर देखा कि कुंडे में निशा का शव लटक रहा है। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, निशा की शादी पिपराइच थाना क्षेत्र के सुभवल गांव में हुई थी। किसी कारणवश पति ने उसे छोड़ दिया था। वह मायके में मां के साथ रहती थी। युवती के पिता रमेश राजभर दो बेटों के साथ हैदराबाद में रहकर मजदूरी करते हैं। बेटी की दूसरी शादी के लिए कई जगहों पर जाकर वर देखा गया, लेकिन उसे नापसंद कर दिया जाता था। इससे वह दुखी रहती थी।

कालाजार प्रभावित गांवों में छिड़काव शुरू

महराजगंज। कालाजार से बचाव के लिए पहले चरण का अंदरूनी विशिष्ट छिड़काव और जन जागरुकता सहित अन्य निरोधात्मक कार्य शुरू कर दिए गए है। कालाजार प्रभावित दो ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों में से नौतनवा ब्लॉक के अमहवां गांव में छिड़काव पूरा हो चुका है। सदर ब्लॉक के धनेवा–धनेई के तीन मजरों में छिड़काव शुरू कर दिया गया है। यहां भी छिड़काव 22 मई तक पूरा करा लिया जाएगा। इस छिड़काव के करीब 12,670 की आबादी कालाजार के वाहक बालू मक्खी से सुरक्षित हो सकेगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कालाजार के मरीजों को त्वरित जांच व उपचार देने, प्रभावित गांवों में छिड़काव और निरोधात्मक कार्य के लिए मलेरिया विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों की आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि छिड़काव के दौरान ग्रामीणों की स्क्रीनिंग भी करें। यदि किसी व्यक्ति में कालाजार के लक्षण दिखे तो उसकी जांच कराएं। जिला मलेरिया अधिकारी त्रिभुवन चौधरी ने बताया कि जिले में कालाजार प्रभावित दो ब्लॉक के गांव हैं। इनमें सदर ग्राम पंचायत धनेवा–धनेई के तीन मजरे सुकठिया, मंगलपुर और धनेवा–धनेई व नौतनवाा ब्लॉक ग्राम पंचायत अमहवां शामिल हैं। सबसे पहले नौतनवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमहवां में छिड़काव पूरा करा लिया गया है। सदर ब्लॉक में छिड़काव कराया जा रहा है ।

जालसाज पट्टेदार के खिलाफ केस दर्ज करने में पुलिस कर रही हीलाहवाली

देसही देवरिया के भटनी बुजुर्ग गांव में छह लाख से अधिक गबन का मामला

देवरिया। भटनी बुजुर्ग गांव के प्रधान प्रतिनिधि ने गांव के एक पट्टेदार के खिलाफ छह लाख से अधिक के सरकारी धन के गबन का आरोप लगाया है। तहसील में जमा तालाब नीलामी वाली फाइल में डिस्पैच दो जाली रसीद की छायाप्रति को भी निकलवाकर तत्काल प्रधान ने मुख्यमंत्री, डीएम, एसपी, एसडीएम सहित मुख्य राजस्व अधिकारी को भेज दिया। लेकिन अभी तक मामले में न तो जालसाज पट्टेदार को मछली मारने से रोका गया न ही केस दर्ज हुआ।

मामले में मुख्य राजस्व अधिकारी ने महुआडीह पुलिस को 26 अप्रैल को ही निर्देश दिया था कि मामले में बिना एसडीएम के आदेश के पट्टेदार को तालाब पर जाने से रोक दिया जाए। क्षेत्र के भटनी बजुर्ग गांव की एक महिला को तहसील प्रशासन ने 27 मई, 2017 को तहसील मुख्यालय में संबंधित अधिकारियों और तत्कालीन ग्राम प्रधान रामनारायण सिंह की मौजूदगी में नियमबद्ध तरीके से तीन तालाबों का दस वर्ष के लिए पट्टा दे दिया गया। कुल राजस्व 16.56 लाख रुपये निर्धारित किया गया। इसमें एक चौथाई (4.14 लाख) रुपये जमा करा लिया गए। बाकी धनराशि नियमबद्ध तरीके से ग्रामसभा के खाता में या तहसील के रजिस्ट्रार नंबर चार में जमा करना था। इस समय गांव की प्रधान रामनारायण सिंह की पत्नी शैला देवी हैं। रामनारायण सिंह ने पट्टेदार से पट्टे की शेष धनराशि जमा करने के मामले में पूछा तो उसने उन्हें बताया कि वह समय–समय पर किस्त जमा करते आ रही है। प्रधान प्रतिनिधि ने ग्राम सभा के बैंक खाते का डिटेल निकलवाया तो उसमें कोई धनराशि जमा नहीं की गई थी। फिर पूछने पर पट्टेदार ने बताया कि उसने तहसील में जमा कर दिया है। प्रधान ने तहसील में भी मामले की गहनता से छानबीन की तो पता चला कि 10 मई, 2020 को 4.14 लाख और 17 जून, 2022 में 1.65 लाख रुपए जमा करने की फर्जी रसीद तहसील में संबंधित टेबल पर बकायदा कागजात के साथ डिस्पैच हुई है। रामनारायण सिंह ने बताया कि पहली रसीद पर उनका और दूसरी रसीद पर उनकी पत्नी शैला देवी का हुआ दस्तखत फर्जी है। इस बात की शिकायत भी जिला प्रशासन से की गई है। डीएम कार्यालय से मुख्य राजस्व अधिकारी को तीन दिन के भीतर मामले की जांच करने की बात कही गई। मुख्य राजस्व अधिकारी ने एसडीएम के अगले आदेश तक एसओ महुआडीह को मामले में पट्टेदार को तालाब में मछली मारने से तत्काल रोके जाने का निर्देश दिया।

बिजली चेकिंग के दौरान कर्मचारियों से अभद्रता, आरोपी हिरासत में

देवरिया । बिजली चेकिंग के समय एक व्यक्ति ने तरकुलवा सबस्टेशन के जेई और बिजली कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। आरोप है कि उस व्यक्ति ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का भी प्रयास किया। अवर अभियंता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कर्रवाई की मांग की है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बिजली उपकेंद्र तरकुलवा के जेई संदीप कुमार ने बघौचघाट पुलिस को तहरीर दी है कि बृहस्पतिवार को पकड़ियार गांव में नेवर पेड उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेदन और बिजली चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान गांव में एक व्यक्ति चोरी से तीन एचपी का मोटर चलाते हुए पाया गया। इस पर विद्युत मोटर और तार बिजली कर्मचारियों ने जब्त कर लिया। आरोप है कि इसके बाद आक्रोशित होकर वह जेई और अन्य बिजली कर्मियों से उलझ गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता करने लगे और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का भी प्रयास किया। इस बीच जेई ने इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को थाने लेजाकर पूछताछ कर रही थी। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच कर मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी।

दो दिन से घर से लापता अधेड़ का शव खेत में मिला

महराजगंज/मिठौरा। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा हरिहरपुर स्थित रेशम विभाग के खेत में दो दिन से घर से लापता अधेड़ का शव मिला। उसके मुंह से काले रंग का झाग निकला था। अधेड़ की पहचान हरिहरपुर निवासी 48 वर्षीय रामबदन प्रजापति के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामबदन की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका गोरखपुर में इलाज चल रहा था। जबकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण पता चल पाएगा। पुलिस के अनुसार, सिंदुरिया थानाक्षेत्र के हरिहरपुर निवासी राम बदन घर वालों को बताए बिना दो दिन पहले लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारों में खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। सुबह 10:30 बजे खेत में काम करने गए रेशम विभाग के दैनिक श्रमिक सुदर्शन ने शव को देखकर शोर मचाया। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई। रामबदन के परिजनों ने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। जबकि गांव वालों का कहना है कि रामबदन नशे का आदी था। रामबदन के पिता और भाई की मौत पहले हो चुकी है। परिवार में चार पुत्रियां सीमा, नगीना, अंशु और माधुरी और एक पुत्र मंगल प्रजापति हैं। रामबदन की सभी पुत्रियों की शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी सिंदुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

31 मई को रामबदन के पुत्र मंगल की होनी है शादीः रामबदन की पत्नी मैना ने कभी सोचा भी नहीं होगा इकलौते पुत्र मंगल की शादी के पहले ही उसके सिर से पिता का साया से उठ जाएगा। एक सप्ताह पहले घर पर तिलक का कार्यक्रम हुआ था। इसमें रामबदन ने रिश्तेदारों को बुलाया था। रामबदन सुर्ती बेचते थे। पिता का साया उठ जाने से पुत्रियों सीमा, नगीना, अंशु, माधुरी व पुत्र मंगल के आंखों से आंसू नहीं रुक रहे हैं। पत्नी मैना ने बताया कि उसके पुत्र मंगल प्रजापति की शादी 31 मई को कोठीभार थानाक्षेत्र के मोजरी निवासी मुंसे प्रजापति की पुत्री से तयपै। शादी से संबंधित वाहन, बैंड बाजा, रथ आदि का इंतजाम कर लिया गया था। अचानक पति की मौत से सब कुछ सपने जैसा हो गया है।

भजन कीर्तन के साथ निकाली गयी विशाल कलश यात्रा

नीबी दोहनी में श्रीवास्तव परिवार द्वारा आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अनुक्रम में निकाली गई भव्य कलश याता, झूमे श्रद्धालु

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ व्यापार मण्डल सचिव पंकज कुमार

श्रीवास्तव व उनके परिजनों द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अनुक्रम में विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर में विद्वान ब्राह्मणों एवं पुजारियों सहित क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिको की मौजूदगी में भजन कीर्तन के साथ विधि–विधान से पूजन अर्चन के बाद निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने शोहरतगढ़ नगर बाजार के मुख्य मार्गों से होते हुए पैदल ही स्थानीय डोई घाट पर गए जहाँ विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद कलश भर कर पुनः कार्यक्रम स्थल आ गए। कलश यात्रा का माहौल ऐसा कि श्रद्धालु भक्ति धुन पर थिरकने से अपने आपको रोक नही पा रहे थे। कार्यक्रम आयोजक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम शोहरतगढ़ के वार्ड नम्बर 9 शिवनगर, (नीबी दोहनी) में आयोजित किया जा रहा है, जो 20 मई से प्रारंभ होकर 28 तक चलेगा। 28 मई को ही पूर्णाहुति व सायं 6 बजे भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीमद्भागवत कथा पूज्य संत श्री चितरंजन दास जी महाराज, वेद मंदिर अयोध्या धाम द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चौयरमैन पति व व्यापार मण्डल संरक्षक रवि अग्रवाल, सतीश मित्तल, रामसेवक गुप्ता, जय प्रकाश वर्मा, रिंकू वर्मा, किशोरी लाल गुप्ता, महावीर वर्मा, गोविंद प्रसाद फौजी, धर्मेन्द्र अग्रहरी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, मनोज गुप्ता, महेश कसौधन, कौशल किशोर उमर, राजेन्द्र कुमार कान्दू समेत परिजन पंकज कुमार श्रीवास्तव, इंजीनियर पुनीत कुमार श्रीवास्तव, इंजीनियर प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील सभागार में सीडीओ ने फरियादियों की सुनी फरियाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। नगर निकाय चुनाव करने के बाद आज संपूर्ण समाधान तहसील दिवस सदर तहसील में सीडीओ

समाप्त होने के बाद आज सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस सीडीओ संजय कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई आए हुए समस्त फरियादियों की समस्याओं को सीडीओ ने बारी–बारी से सुना संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्ता युक्त समस्याओं का निस्तारण करने का दिया निर्देश शासन के निर्देशानुसार महीने के पहले व तीसरे शनिवार को प्रत्येक तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। नगर निकाय चुनाव अधिसूचना जारी होने के कारण आज से पूर्व 1 अप्रैल 2023 को सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया गया था नगर निकाय चुनाव समाप्त होने के बाद निर्वाचन आयुक्त द्वारा अधिसूचना समाप्त संजय कुमार मीना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया वैसे तो आज सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित होना था लेकिन वीवीआइपीध् मुख्यमंत्री के जनपद गोरखपुर में रहने के कारण जिलाधिकारी के व्यस्तता के कारण तहसील दिवस में नहीं आ सके जिससे तहसील दिवस समाधान दिवस की अध्यक्षता आज सीडीओ संजय कुमार मीना द्वारा किया गया जिनका सहयोग ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सदर नेहा बंधु व सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह द्वारा किया गया तहसील समाधान दिवस में सदर तहसील के सभी राजपत्रित अधिकारी व जिले के जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। सदर तहसील में आए हुए फरियादियो की समस्याओं से बारी–बारी रूबरू होते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश सीडीओ ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन के निर्देश पर एक छत के नीचे संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया गया है जिससे फरियादियों को इध्र–उधर अधिकारियों के ऑफिसों का चक्कर न लगाना पड़े जिसका सभी अधिकारीगण अनुपालन कर आए हुए समस्त फरियादियों की समस्याओं का समयवध् ा तरीके से समस्याओं का निराकरण करे। सदर तहसील में अधिकतर मामले जमीनी व पारिवारिक विवाद के आए हुए थे या विभिन्न न्यायालयों में वाद चल रहा था जमीनी विवाद मामले में संयुक्त टीम गठित करा कर मौके पर रवाना कराया जिससे अगले संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व इन सभी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस दौरान सीडीओ संजय कुमार मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर नेहा बंधु सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह नायब तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा नायब तहसीलदार विकास कुमार नायब तहसीलदार अरविंद पांडेय नायब तहसीलदार प्रमोद श्रीवास्तव नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव सहित संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नेपाल जनता पार्टी के अधिवेशन में उठा नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां,महाराजगंज। नेपाल की पहचान हिंदू राष्ट्र के रूप में रही है

एक साजिश के तहत इसकी पहचान को मिटाने के लिए खड़े अंतर किया गया है नेपाल की पहचान को कायम रखने के लिए नेपाल की जनता को मुखर होना पड़ेगा उक्त बातें महाराष्ट्र से आए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नामदेव कदम ने शनिवार को भैरहवा नेपाल स्थित दरबार अतिथि मे नेपाल जनता पार्टी द्वारा आयोजित चौथे अधिवेशन समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू राष्ट्र की पहचान कायम रखने की जिम्मेदारी नेपाल की जनता पर है जहां नेपाली है वही खुशहाली है। बतौर विशिष्ट अतिथि हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने कहा कि विभिन्न जातियों में बटे हिंदू समुदाय को हिंदुत्व की मुख्यधारा से जोड़कर हिंदू राष्ट्र के पक्ष में चलाने की आवश्यकता है नेपाल की हिंदू जनता हृदय से चाहती है नेपाल हिंदू राष्ट्र घोषित हो आप सभी को जनता की आवाज बनने की आवश्यकता है। अभी कहां की नेपाल की सरकार चाहे तो हिंदू राष्ट्र के लिए जनमत संग्रह करा ले कार्यक्रम को नेपाल जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ पाठक नेपाल जनता पार्टी के केंद्रीय महामंत्री शैलेश्वर दीपेंद्र चौधरी पांडे अशोक जायसवाल संजय भट्ट सागर विश्वकर्मा सहित नेपाल के भारी संख्याएं में उपस्थित रहे।

सफल आयोजन के लिए अधिकारीगण एवं वॉलिंटियर्स टीम भावना के साथ करें कार्यः डीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर में 25 मई से 3 जून तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 को बहुत ही भव्य ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में इवेंट में लगाए गए वॉलिंटियर्स को ब्रीफिंग करते हुए कहा कि यह हमारे प्रदेश एवं जनपद का सौभाग्य है कि इतना बड़ा इवेंट खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स हमारे जनपद में आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इवेंट में लगाए गए वॉलिंटियर्स इस महत्वपूर्ण आयोजन की महत्ता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी अपनी भूमिका को गहनता से समझते हुए उनका निर्वहन करें, ताकि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 को जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप भव्य रुप से संपन्न कराया जा सके और आयोजित होने वाले इवेंट में अन्य राज्यों से आने वाले खिलाड़ी एवं मैजबान हमारे प्रदेश एवं जनपद के बारे में एक अच्छा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि इवेंट में

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं मैजबानों के ठहरने की व्यवस्था, खाना एवं जलपान तथा यातायात की सुगम व्यवस्थाएं इवेंट में लगाए गये जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सभी वॉलिंटियर्स के द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं मेजबानों के साथ बहुत ही मधुर व्यवहार करते हुए उन्हें सभी सुविधाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि जब वह प्रतियोगिता समापन के बाद वापस जाएं तो अपने साथ उत्तर प्रदेश एवं जनपद के बारे में एक अच्छा संदेश लेकर जाएं। इस अवसर पर इवेंट में लगाए गए वॉलिंटियर्स को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से उनकी भूमिकाओं के बारे में बहुत ही गहनता के साथ अवगत कराया एवं इवेंट में लगाए गए जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी उनका परिचय कराया गया कि किस अधिकारी को इवेंट के दौरान क्या दायित्व सौंपे गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

समर कैंप के समापन पर हेलो किड्स प्ले स्कूल में फ्रूट डे पर बच्चों ने जाना फलो का महत्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पिछले 1 हफ्तों से हेलो किड्स प्ले स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया था। जहां विभिन्न प्रकार के एक्टिविटी कराई गई जैसे आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, फिजिकल एक्टिविटी, डांस, योगा, पिंक डे, पर्यावरण संरक्षण, फ्रूट डे जैसे तमाम एक्टिविटी को समर कैंप के तहत मनाया गया। फ्रूट–डे के अवसर पर हेल्लो किड्स प्ले स्कूल रावर्ट्सगंज में बच्चों को फलों के महत्व की जानकारी दी गई। नौनिहालों को फल खिलाते हुए उनके गुणों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश सिंह ने बच्चों को बताया कि फलों का आहार में होना हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। मौसम के हिसाब से फलों का सेवन करना चाहिए। बिना मौसम के मिलने वालों फलों का सेवन कदापि नहीं करना चाहिए। इस दौरान बच्चों को फलो की पार्टी दी गई जिसमें कई प्रकार के फल परोसे गए। फल पार्टी में बच्चों ने खूब मस्ती की। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को आम, सेब, अंगूर, केला, अमरूद, नाशपाती एवं अनार आदि फलो को दिखाकर उनके गुणों के बारे में बताया। बच्चों ने विभिन्न फलों के आकार की बनी ड्रेस भी पहनी। इस कार्यक्रम की संयोजिका पूजा सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, शिक्षिकाएं रजनी अग्रहरी मीनू सोनी व अंजलि केसरी सहित तमाम अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित सभासद मयंक को एमएलसी ने किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। नगर क्षेत्र के माथुर नगर वार्ड से

नव निर्वाचित सभासद मयंक पाण्डेय ने वार्ड के मतदाताओं से मिले अपार सहयोग, प्यार और मतरूपी आशिर्वाद के लिए आभार ज्ञापित किया है। उन्ही के वार्ड मे शनिवार को एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी, शिक्षक राम उजगिर पाण्डेय, भाजपा नेता रामेश्वर पाण्डेय आदि लोगो ने नवनिर्वाचित सभासद मयंक पाण्डेय को पुष्प गुच्छ भेंट कर माल्यर्पण कर और अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया है।नवनिर्वाचित सभासद ने कहा कि नागरिको का यह ऋण वार्ड के चहुँमुखी विकास के रूप में ब्याज सहित प्रतिफलित होगा। मयंक पाण्डेय हाल ही में संपन्न हुए निकाय चुनाव में सम्बंधित वार्ड से सभासद पद के लिए शानदार जीत दर्ज कराया है।वार्ड के मतदाताओं के पहले पसंद के रूप में निर्वाचित युवा मयंक पाण्डेय ने बताया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराते हुए नागरिको के भरोसे पँर खरा उतरना उनकी पहली प्रमुखता होगी।

शिक्षण संस्थाएं समाज की धरोहरःएमएलसी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने

मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा स्वागत गीत द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर एमएलसी ने कहा कि आज शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का भौतिक ढांचा जर्जर हो चुका है जिसके पुनरुद्धार की जरूरत है। हमसे जो भी हो सकेगा संस्था के विकास में यथासंभव सहयोग देने का प्रयास करूंगा। बेरोजगारी पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश में कितना हास्यास्पद है कि बीटेक चायवाला, बीटेक आमलेट वाला, बीटेक पकोड़ा वाला, दुकानें खुली हैं। क्या इसी दिन रात के लिए मां–बाप अपनी संतानों को कर्ज लेकर तकनीकी शिक्षा प्रदान करवाते हैं पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त किए जाने का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि एनपीएस एक छलावा है, जो नौजवान शिक्षक और कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को जुआ वाली कंपनी में लगाया जा रहा है जिसका कोई अता पता नहीं क्या होगा। नौजवान अपने भविष्य को लेकर आशंकित है ।उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास नारा देने वाली सरकार अपने तो मन की बात सुना देती है लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी के दर्द से कराह रही जनता के मन की बात कब सुनेगी। अंत में उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों से अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन करने का आह्वान किया जिससे छात्र–छात्राओं अभिभावकों एवं जन सामान्य में विश्वास कायम हो सके। इस अवसर पर किसान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गोपेश्वर चौबे, पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र नाथ पाण्डेय, सुखदेव पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य बाबा हरिदास इंटर कॉलेज चंद्रभान त्रिपाठी, जिला महामंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ हृदय नारायण मिश्र, प्रधानाचार्य आलोक कुमार त्रिपाठी, बृजेश कुमार द्विवेदी गिरीश, अमरजीत राम, अमित सिंह, अनुज मिश्र, सुप्रिया दुबे, हनुमान प्रसाद, सुरेश मौर्य, जनार्दन चौबे, अमित मिश्र, ममता मिश्र, मोनिका दुबे, प्रियंका श्रीवास्तव, गोविंद गुप्ता, विद्यालय के अन्य कर्मचारी रामदेव, प्रदीप कुमार, मनोज, जितेंद्र, रामकिशुन, बृजनारायण दुबे आदि रहे।

पेंशन बहाली को लेकर मशाल जुलूस आज

23मई को जिले मे पहुचेगा पेंशन रथ, होगी जनसभा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच जनपद सोनभद्र के जिला मंत्री सलाउद्दीन ने बताया कि 21 मई को सायं 5.00 बजे से जनपद मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग के स्थित संघ भवन से मशाल जुलूस निकाला जायेगा, जुलूस जिला पंचायत होते हुए दरोगा की गली से मेन चौक होते हुए बरौली चौराहे तथा वापस पीडब्ल्यूडी संघ भवन पर समाप्त होगा, सलाउद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा, उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में भ्रमण कर रहा पेंशन रथ 23 मई को विकास खंड करमा से जनपद में प्रवेश करेगा जिसका राष्ट्रीय स्तर पर संयोजन रेलवे मेंस फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड शिव गोपाल मिश्र द्वारा किया जा रहा है।सहसंयोजक शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ने बताया कि हिन्दुवारी तिराहे से रथ के साथ जनपद के कर्मचारी सम्मिलित हो कर नगर भ्रमण करेंगे तथा तत्पश्चात सायं संघ भवन, लोक निर्माण विभाग में जनसभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगी। जनपद के समस्त कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित मशाल जलूस में सम्मिलित हों तथा रथ का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनावे।

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा,सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

ओबरा में स्नातक (बी.ए.,बी.एससी., बी.काम.) प्रथम वर्ष शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट ूहचहबवइतं.ब.पद अथवा ूवदसपदमहचहबवइतं.वतह पर भरा जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राएं वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के अनुसार 15 जून 2023 तक आवेदन पत्र भर दें। अभ्यर्थी भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट लेने से पूर्व उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि उनसे सम्बन्धित कोई भी सूचना गलत ना हो।

पिकअप की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

महाराजगंज । गोरखपुर–सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुड़िला गांव के पास पिकअप की चपेट से साइकिल सवार की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव बाबू पैसिया निवासी 55 वर्षीय मकोधर यादव उर्फ कोटर की बेटी की शादी है। वह किसी काम से साइकिल से नौतनवां जा रहे थे। मुड़िला गांव के पास पैसिया बाबू गांव की तरफ से नौतनवां जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से मकोधर को चपेट में ले लिया।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

अविवेकपूर्ण रसायनो के प्रयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव :जनार्दन कटियार

फसलो मे लगने वाले कीट,रोग नियन्त्रण संबंधित दी गयी जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया फसलो में प्रतिवर्ष कीट, रोग एवं खरपरतवारों से होने वाली क्षति एवं कृषि रक्षा रसायनों के अविवेकपूर्ण प्रयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत परम्परागत कृषि विधियों तथा–मेड़ों की साफ–सफाई ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई एवं फसल अवशेष प्रबन्धन के साथ–साथ भूमि शोधन एवं बीज शोधन को अपनाया जाना नितान्त आवश्यक है। इससे कीट, रोग एवं खरपतवार का प्रकोप कम होने के साथ उत्पादन में वृद्वि होती है,तथा कृषकों की उत्पादन लागत कम होने से उनकी आय में वृद्वि होती है। इन विधियों को अपनाने से पर्यावरणीय प्रदूषण भी कम होता है। भूमि शोधन हेतु जैविक फफूदनाशक ट्राईकोडर्मा 2.5 किग्रा0ध्हे0 एंव ब्यूवेरिया बैसियाना 1 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 बायोपेस्टीसाइडस 2.5 किग्रा0ध्हे0 को 65 से 75 किग्रा0 गोबर की खाद में मिलाकर हल्के पानी का छीटा देकर 08 से 10 दिन छाया में रखने के उपरान्त बुवाई के पूर्व व आखिरी जुताई पर भूमि में मिला देने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं कीटों का नियंत्रण हो जाता है। बुवाई से पूर्व 2.5 ग्राम थीरम 75 प्रतिशत डी एस अथवा कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 2 ग्राम अथवा यथा सम्भव ट्राइकोर्डमा 4 से 5 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज की दर से शोधित करने से बीज जनित रोग जैसे–बीज गलन, उकठा का नियंत्रण हो जाता है, उन्होंने बताया कि फसलो मे लगने वाले कीट रोग के नियन्त्रण से संबंधित जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय सोनभद्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

निर्माण कार्यो की जॉच करने वाली गठित कमेटी , प्रगति की सुस्पष्ट आख्या करे प्रस्तुत–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत भवन, सड़क व अन्य निर्माण कार्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्यों का जनपद स्तरीय अधिकारियों की कमेटी गठित कर सत्यापन कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कमेटी द्वारा प्रायः कार्यों की तथ्यपरक जांच न करके यह टिप्पणी अंकित कर दी जाती है कि कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक है। यह स्थिति सर्वथा उचित नहीं है अतः उपरोक्त के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वह स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्वीकृत आगणन में प्रावधानित कार्यध्उंपद पजमउे की प्रगति मानक के संबंध में स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। जिससे की कराये जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का बेहतर ठंग से मुल्यांकन किया जा सके, सड़को भवनो के निर्माण के जॉच हेतु गठित समिति द्वारा उक्त जॉच के मामले किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

शाहिद कपूर के साथ एक्शन–कॉमेडी में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना, अनीस बज्मी संभालेंगे निर्देशन की कमान

दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना पुष्पारू द राइज की सफलता के बाद से काफी लोकप्रिय हो गई हैं और हिंदी फिल्म निर्माताओं के लिए पहली पसंद बनती जा रही हैं। अभिनेत्री ने पिछले साल ही अमिताभ बच्चन के साथ गुडबाय से बॉलीवुड में कदम रखा था और अब उनके पास कई सारी हिंदी फिल्में हैं। अब हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका शाहिद कपूर के साथ एक एक्शन–कॉमेडी में नजर आने वाली हैं, जिसका निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अनीस के निर्देशन में बन यह फिल्म एकता कपूर और दिल राजू द्वारा निर्मित होगी, जिसमें पहली बार रश्मिका और शाहिद की जोड़ी बनने जा रही है। इस फिल्म के बारे में सूत्र ने बताया कि रश्मिका के साथ एकता और राजू दोनों गुडबाय और वरिसु में पहले काम कर चुके हैं। ऐसे में और उनका मानना है कि वह स्वाभाविक रूप से इस फिल्म के लिए सबसे सही साबित होंगी।

दोहरी भूमिका निभाएंगे शाहिद?

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस एक्शन–कॉमेडी में शाहिद दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस अनटाइटल्ड फिल्म की कहानी काफी मजेदार होगी और इसमें भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। साथ ही अभिनेता की दोहरी भूमिका इसे और भी मजेदार बना देगी, जिसको लेकर प्रशंसक भी उत्सुक हैं। कहा जा रहा है कि अनीस ने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और अगले महीने अगस्त में फ्लोर पर आ सकती

है। पहले भी शाहिद के साथ काम करने की आई थीं खबरें में काम करने की खबरें 2019 में प्री–प्रोडक्शन शुरू होगा। फिल्म रश्मिका और शाहिद के साथ भी आई थीं। उस दौरान कहा जा रहा था कि वह अभिनेता के साथ जर्सी के हिंदी रीमेक में नजर आ सकती हैं। हालांकि, रश्मिका की जगह इस फिल्म में मृणाल ठाकुर की शाहिद के साथ जोड़ी बनी थी। अब शाहिद और रश्मिका के पहली बार पर्दे पर साथ आने की खबरें सामने आने के बाद से ही प्रशंसक काफी खुश हो गए हैं।

इन बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा हैं रश्मिका

रश्मिका को पिछले कुछ महीनों में कई बॉलीवुड फिल्मों की पेशकश की गई है। वह गुडबाय के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनू में दिखाई दी थीं और अब वह रणबीर कपूर के साथ संदीप रेड्डी वंगा की एनिमल में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा रश्मिका दिनेश विजान के ऐतिहासिक महाकाव्य छावा का भी हिस्सा हो सकती हैं, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

शाहिद की आगामी फिल्में

शाहिद रॉय कपूर फिल्म्स के साथ रोशन एंड्रयूज की फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ नजर आने वाले हैं। यह मलयालम थ्रिलर फिल्म मुंबई पुलिस का हिंदी रीमेक है। इसके बाद शाहिद के पास अली अब्बास जफर की ब्लडी डैडी है, जो 9 जून को रिलीज होने वाली है। इसके अलावा वह कृति सैनन के साथ दिनेश विजान की एक अनटाइटल्ड फिल्म का हिस्सा हैं, जिसका पोस्टर जारी हो चुका है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी।

नशे में धुत होकर इंटिमेट सीन करती थी ये एक्ट्रेस, मां से लगता था डर !

नायरा बनर्जी तेलुगू, तमिल, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं. उनके करियर की शुरुआत साउथ फिल्म इंडस्ट्री से हुई थी लेकिन हिंदी फिल्मों में भी उनका नाम चर्चा में रहा है. खासतौर पर साल 2016 में आई वन नाइट स्टैण्ड में उनके काम ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं. दरअसल नायरा ने इस

फिल्म में काफी बोल्ड सीन दिए थे. इन सीन्स की वजह से उनका नाम चर्चा में रहा था...हालांकि ये सीन शूट करना उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था. नायरा ने जब बोल्ड सीन शूट करने से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर किए तो लोग हैरान रह गए कि उन्हें स्क्रीन पर कंफर्टेबल दिखने के लिए ये सब करना पड़ा.

नायारा ने बताया कि फिल्म में उन्हें इंटिमेट सीन करने थे. सीन सुनते वक्त तो उन्हें सब कुछ नॉर्मल ही लगा लेकिन जब शूटिंग की बारी आई तो वे नर्वस हो गईं. उन्हें पूरी क्रू के सामने बोल्ड सीन देने और वो एक्सप्रेशन और मूड लाने में दिक्कत आने लगी. नायरा अपनी नर्वसनेस से परेशान होने लगीं. उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि कौनसी तरकीब अपनाई जाए कि सीन भी ओके हो जाए और वह कंफर्टेबल भी रहें. काफी दिमाग चलाने के बाद उन्हें शराब की याद आई. जी हां सुनने में अटपटा जरूर लग रहा होगा लेकिन नायरा ने वाकई इंटिमेट सीन्स के दौरान नर्वस ना दिखने के लिए शराब का सहारा लिया था. उन्होंने बताया कि इन सीन की शूटिंग से पहले वह शराब पीती थीं और उसी के नशे में शूटिंग शुरू करती थीं. इसके बाद उनके दिमाग से वो खयाल निकल जाते थे जो उन्हें पहले आते थे. वह सेट पर मौजूद लोगों की वजह से तो अनकंफर्टेबल होती ही थीं उन्हें यह भी डर रहता था कि मां उन्हें घर से ना निकाल दें. इस घबराहट से बचने के लिए नायरा ने नशे का सहारा लिया और शूटिंग पूरी होने के बाद क्रू मेंबर उनका नशा उतारने के लिए नींबू पानी दिया करते थे. जरा सोचिए क्या सीन है....शूटिंग के लिए एक्ट्रेस टल्ली और फिर होश में आने के लिए नींबू पानी का डोज.

उर्वशी रौतेला के हाथ लगी करण जौहर की फिल्म, पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस संग करेंगी काम

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने नए प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी साझा की है, जिसके बाद से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। दरअसल, उर्वशी जल्द ही करण जौहर के साथ पहली बार काम करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस नई शुरुआत के बारे में प्रशंसकों को बताया है।

उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर फूलों के गुलदस्ते की तस्वीर साझा करते हुए बताया है कि वह करण के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ कुछ बहुत ही रोमांचक चीज की शूटिंग कर रही हैं। यह अभिनेत्री का धर्मा प्रोडक्शंस के साथ पहला सहयोग है और अभी इसके बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, अभिनेत्री की इस पोस्ट के बाद से प्रशंसक फिल्म के बारे में अधिक जानकारी सामने आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

प्रशंसक दे रहे अभिनेत्री को बधाई

उर्वशी को धर्मा के साथ काम करने की जानकारी मिलने के बाद से ही उनके पोस्ट पर प्रशंसक उन्हें बधाई दे रहे हैं। एक ने लिखा, आपके लिए बहुत खुश हूं, बहुत–बहुत बधाई तो दूसरे ने लिखा, आपको आने वाली सभी फिल्मों के लिए शुभकामनाएं, आगे भी आपको ऐसे ही सफलता मिलती रहे। एक अन्य ने लिखा, आप इस बात का अंदाजा भी नहीं लगा सकती कि हम आपके लिए कितने खुश हैं। अब इंतजार नहीं होता।

इन फिल्मों में नजर आएंगी उर्वशीः उर्वशी जल्द ही फिल्म 365 में नजर आए अभिनेता मिशेल मोरोन के साथ हॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। इसके अलावा वह संपत नंदी की ब्लैक रोज और राम पोथिनेनी के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। वह रणदीप हुड्डा के साथ एक भी एक फिल्म का हिस्सा हैं। हाल ही में अभिनेत्री जेसन डेरुलो के साथ एक म्यूजिक वीडियो में काम किया है, जो भी जल्द ही रिलीज होने के लिए तैयार है।

ऐसा रहा फिल्मी सफरः उर्वशी के फिल्मी सफर की बात करें तो उन्होंने 2013 में सिंह साहब द ग्रेट से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह भाग जॉनी, सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, पागलपंती, हेट स्टोरी 4, दिल है ग्रे सहित कई फिल्मों का हिस्सा रहीं। बता दें कि उर्वशी इकलौती ऐसी भारतीय महिला हैं, जिन्होंने 2 बार मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया है। पहले वह 2012 में मिस यूनिवर्स बनीं तो 2015 में भी ताज उनके सिर सजा था।

न्यूजबाइट्स प्लसः करण जल्द 7 साल बाद निर्देशक के तौर पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से वापसी करने जा रहे हैं। 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

क्या ऋषभ शेट्टी के साथ कांतारा 2 में दिखेंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी?

पिछले साल आई कन्नड़ फिल्म कांतारा की अब तक चर्चा होती है। ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म की हर ओर तारीफ हुई थी

और अब प्रशंसक इसके सीच्ल का इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने ऋषभ के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की थीं तो कयास लग रहे थे कि कांतारा 2 में नवाज नजर आ सकते हैं। अब नवाज ने इस साझेदारी की संभावनाओं पर बात की है। उन्होंने ऋषभ संग दोस्ती पर भी बात की। पिछले साल कांतारा की टीम से मिले थे नवाजः पिछले साल दिसंबर में नवाज ने ऋषभ और कांतारा की टीम से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें लिखा था, ऋषभ शेट्टी, प्रमोद शेट्टी और टीम कांतारा के साथ मेरे घर पर मुलाकात करना अद्भुत था। ऋषभ और मेरे बीच कई बातें समान हैं, जिन पर हम लंबी बातें कर सकते हैं। ऋषभ से मुलाकात पर बात पर नवाज ने बताया, ऋषभ और उनके दोस्त थिएटर में काफी काम करते हैं। खास बात यह है कि हमारे गुरु एक ही हैं। हम एक–दूसरे को पहले से जानते हैं। हम पहले भी बात कर चुके हैं, इसलिए जब वह यहां आए तो वह मेरे यहां आए और हमने काफी बातें कीं। अच्छी बात ये है कि वह अब भी थिएटर से जुड़े हुए हैं, अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। कांतारा 2 पर यह बोले नवाजः नवाज और ऋषभ की मुलाकात के बाद कयास लग रहे थे कि वह कांतारा 2 से जुड़ सकते हैं। क्या इस प्रोजेक्ट के बारे में भी दोनों के बीच कोई बातचीत हुई है? इस पर नवाज ने कहा, इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता, लेकिन हम उम्मीद कर सकते हैं। मैं उनके साथ क्यों काम नहीं करना चाहूंगा? वह एक बेहतरीन अभिनेता, निर्देशक हैं। उनकी पूरी टीम काफी प्रतिभाशाली है। कांतारा को बॉक्स ऑफिस पर मिली थी शानदार सफलताः 16 करोड़ रुपये के बजट में बनी कांतारा ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। फिल्म में ऋषभ ने शिवा नाम के एक युवक का किरदार निभाया, जिसका परिवार पीढियों से जंगल के देवता की पूजा–अनुष्ठान करता आया है। कांतारा 2 की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। फिल्म में रजनीकांत के होने की भी चर्चा है। उधर, नवाज इन दिनों फिल्म जोगी रा सारा रारा का प्रमोशन कर रहे हैं।

घर का सोफा हो गया है गंदा? तो बिना वैक्यूम क्लीनर ऐसे कर लें साफ, आ जाएगी नए जैसी चमक

आजकल अधिकतर घरों में सोफा सेट रखा जाता है. क्योंकि ये न सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि घर का लुक भी बदल डालते हैं. हालांकि जब ये गंदे हो जाते हैं तो इन्हें घर में रखने में शर्म आने लगती है. कुछ लोग सोफे की गंदगी को छिपाने के लिए चादर का इस्तेमाल भी करते हैं. लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आपका सोफा फिर से नया जैसा हो सकता है, वो भी घरेलू चीजों की मदद से, तो शायद आप चौंक जाएंगे. लेकिन यह सच हो सकता है. क्योंकि हमारे पास एक ऐसा नुस्खा है, जिसका इस्तेमाल करके आप अपने सोफे को फिर से नए जैसा बना पाएंगे.

आजकल ज्यादातर घरों में फैब्रिक वाले सोफे का इस्तेमाल किया जा रहा है. क्योंकि ये दिखने में काफी सुंदर होते हैं और कमरें को भी अट्रैक्टिव लुक देते हैं. बैठने में भी आरामदायक होते हैं. हालांकि इनकी सफाई करना एक टेढ़ी खीर होता है. अगर आपके पास भी फैब्रिक वाला सोफा है, जिसपर गंदगी जमी हुई है तो चिंता न करें. बस कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें.

साबुन से बनाएं घोल

फैब्रिक वाले सोफे की सफाई के लिए आपको सबसे पहले नहाने वाले साबुन का कम से कम 5 चम्मच चूरा लेना होगा. इसके बाद आपको एक कप में गर्म पानी लेना होगा और उसमें साबुन का चूरन डालना होगा. साबुन का चूरन मिलाने के बाद इसे मिलाकर एक घोल तैयार कर लें. फिर इस घोल में दो चम्मच अनोनिया या फिर सुहागा डालें. ये सब हो जाने के बाद घोल को ठंडा कर लें. फिर इस घोल में स्पंज या किसी कपड़े को डालकर भिगोएं और इससे गंदे सोफे को साफ कर लें.